www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 34.c
24.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 87.770g
चांदी 91.500 kg

2 परस्पर हितों की रक्षा से ही बनेगी बात, भारत को अपनानी चाहिए असल मुद्दों पर मोलभाव की रणनीति
प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त 04

वर्ष :08 | अंक :232 | मुंबई ,गुरूवार , 13 फरवरी , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## पहाड़ी से टकराया ट्रक, दो लोगों की मौत

अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के पास होलोंगी इलाके में एक ट्रक के पहाड़ी से टकरा जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईटानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि यह घटना सोमवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग-415 पर हुई। उन्होंने बताया कि 18 पहियों वाला ट्रेलर ट्रक खुदाई के भारी उपकरण ले जा रहा था। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक ट्रक के चालक की पहचान असम के सिबसागर निवासी रिपम बोरा (30) और उसके सहयोगी की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी मेहदी हसन (24) के रूप में हुई है। दोनों ट्रक के केबिन के अंदर फंस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। एसपी ने बताया कि शवों को कब्जे में लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए नाहरलगुन स्थित टोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज (टीआरआईएचएमएस) भेज दिया गया। सिंह ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में चिम्पू पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## विजयवाड़ा में आग लगने से प्रदर्शनी में दुकानें जलकर खाक हो गई

विजयवाड़ा, विजयवाड़ा में एक प्रदर्शनी में बुधवार को आग लग जाने के कारण कई अस्थायी दुकानें जलकर खाक हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। विजयवाड़ा के सहायक पुलिस आयुक्त दुर्गा राव ने बताया कि प्लास्टिक के सामान की एक दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का संदेह है। राव ने पीटीआई-भाषा को बताया, उनका कहना है कि आग लगने का कारण प्लास्टिक के सामान रखने वाली एक दुकान में शॉर्ट सर्किट हुआ। आग लगने की यह घटना सितारा सेंटर के बगल में स्थित प्रदर्शनी मैदान में हुई। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण प्रदर्शनी में रखे कुछ अग्निशामक सिलेंडर फट गए।

# माघ पूर्णिमा स्नान के लिए उमड़ा आस्था का जनसमुद्र

## तड़के 4 बजे से ही वॉर रूम में डटे सीएम योगी, स्नान पर्व पर पल पल का लिया अपडेट



महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर प्रयागराज में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए प्रातः 4 बजे से ही=अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग स्थित वॉर रूम में बैठक की। वॉर रूम में वह डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के साथ लगातार टीवी पर अपडेट लेते रहे और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे। इससे पूर्व सीएम योगी ने बसंत पंचमी अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रातः साढ़े 3 बजे से वॉर रूम में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मॉनिटरिंग करते रहे थे।

एजेंसी

**महाकुम्भनगर :** महाकुम्भ के पावन स्नान पर्व माघ पूर्णिमा के लिए देश विदेश के श्रद्धालु मंगलवार की रात से ही महाकुम्भनगर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं के इतने बड़े जनसमुद्र के संगम तक पहुंचने और पवित्र स्नान के बाद उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) पर जरूरी संदेश दिए जाने लगे। जिससे श्रद्धालुओं को स्नान में बड़ी सहूलियत हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर महाकुम्भनगर प्रशासन ने देश विदेश

▸▸घाटों पर रात से ही दी जाने लगी लगातार महत्वपूर्ण सूचनाएं, दिशा-निर्देश

से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक इंतजाम किए थे, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके अलावा स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताकर शीघ्र गंतव्य की ओर बढ़ने की लोगों से बराबर अपील भी की जाती रही। जिससे श्रद्धालुओं को माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए बड़ी सुविधा मिली। गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। माघ पूर्णिमा का पुण्यकाल 11 फरवरी की शाम 6:55 बजे से शुरू होकर 12 फरवरी की शाम 7:22 बजे तक रहा। इस महाआयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मेला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए। घाटों पर भीड़ नियंत्रण से लेकर डिजिटल सूचना प्रणाली से श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं प्रेषित की जाती रहीं। मेला प्रशासन ने जगह जगह बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले लगाकर श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताएं और शीघ्र अपने गंतव्य की ओर बढ़ें। इससे भीड़ नियंत्रण में काफी मदद मिली और सभी को सुगमता से स्नान का लाभ हुआ। वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले पर मंगलवार की रात से ही लगातार महत्वपूर्ण सूचनाएं, दिशा-निर्देश और सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्रदर्शित किए जाते रहे।


**2500 से अधिक कैमरों से लखनऊ में लाइव मॉनिटरिंग**

## महाकुंभ- माघ पूर्णिमा पर 2 करोड़ ने स्नान किया, 10 लाख कल्पवासी: स्नान, दान और गंगा मैया का आशीर्वाद



## महाकुंभ दुनिया की सबसे अच्छी जगह :विदेशी

### नॉर्वे के पूर्व मंत्री बोले- इतिहास का सबसे बड़ा समागम, भारत के लोग बड़े मिलनसार



प्रयागराज, प्रयागराज महाकुंभ अपने अंतिम चरण में है। तमाम विदेशी श्रद्धालु भी महाकुंभ पहुंच रहे हैं। बुधवार को नार्वे, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। नॉर्वे के पूर्व जलवायु और पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने कहा- महाकुंभ अद्वितीय है। यह न केवल विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन, बल्कि इतिहास का सबसे विशाल मानव समागम भी है। मानव इतिहास में इससे बड़ा कोई आयोजन कभी नहीं हुआ। चाहे अमेरिका हो या यूरोप, चीन या कहीं और, इतने कम समय में 400 मिलियन लोग देवताओं की पूजा करने के लिए एक साथ नहीं आए। बेल्जियम के एडवर्ड ने कहा- वर्तमान में यह दुनिया में सबसे अच्छी जगह है। महाकुंभ का अनुभव सुंदर और शानदार है। यहां की भीड़ और लोग बहुत मिलनसार हैं। यह

## आकाश से हो रही थी पुष्पवर्षा, त्रिवेणी तट पर गूंजता रहा जय श्रीराम का जयघोष

### सोशल मीडिया पर छाया दिव्य-भव्य महाकुम्भ, टॉप ट्रेंड में रहा माघ पूर्णिमा का महापर्व



महाकुम्भ नगर। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाकुम्भ का दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, #माघपूर्णिमामहाकुम्भ एक्स (ट्विटर) पर नंबर वन ट्रेंड करता रहा। इस पवित्र अवसर पर आए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरे देश में उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया। गूंजते रहे जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष त्रिवेणी तट पर आस्था की लहरें उमड़ पड़ीं। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान हर हर गंगे और हाजय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुम्भ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस अद्भुत नजारे को श्रद्धालुओं ने अपने कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिससे महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता चारों ओर फैल गई।

### महाकुम्भ मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखे अधिकारी



महाकुम्भनगर। महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्नानार्थियों की उमड़ी भारी भीड़ के सुप्रबंधन को लेकर सीएम योगी की मॉनीटरिंग का असर साफ देखने को मिला। माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को स्नानार्थियों के लिए यादगार बनाने के सीएम योगी के निर्देश को धरातल पर उतारने के लिए सभी अधिकारी देर रात से ही ग्राउंड जीरो पर मुस्तैद रहे और सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करते रहे। एक तरफ पुलिस प्रशासन जहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पूरी तरह सक्रिय नजर आया तो वहीं, मेला प्रशासन की ओर से घाटों के सुदृढ़ीकरण तथा स्नान के लिए नदियों में जलस्तर प्रबंधन की प्रक्रिया पूरी की गई।


# एलओसी के पास दो जवानों की शहादत पर भड़का अमित शाह का गुस्सा

## आतंकवाद को पूरी तरह उखाड़ फेंकने का निर्देश दिया

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने बीएसएफ को कड़ी निगरानी, सीमा ग्रिड को मजबूत करने और निगरानी तथा सरहद की हिफाजत के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ पूरी तरह से रोकने का निर्देश दिया।

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से किए गए एक आईईडी विस्फोट में सेना के कैप्टन समेत दो जवान शहीद हो गए, जबकि एक अन्य घायल हो गया। हमले के तुरंत बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को आतंकवाद को पूरी तरह उखाड़ फेंकने के लिए कई निर्देश दिये हैं। हम आपको बता दें कि शहीद सैनिकों की पहचान कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी और नायक मुकेश के रूप में हुई है। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब सेना की जम्मू स्थित ह्वाइट नाइट कॉर्प्स इकाई के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने सोमवार को राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों का जायजा लिया था। सेना ने आईईडी विस्फोट में दो जवानों के शहीद होने की पुष्टि की और कहा, हमारे जवानों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जवान भट्टल इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी दोपहर तीन बजकर 50 मिनट पर एक अग्रिम चौकी के पास शक्तिशाली विस्फोट हुआ और वे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मियों की मौत हो गई।



# मोदी ने फ्रांस में सावरकर को याद किया:पहुंचे मार्से शहर

## 115 साल पहले अंग्रेजों की कैद से भागकर सावरकर यहीं पहुंचे थे

एजेंसी

नयी दिल्ली /पेरिस। पीएम मोदी का फ्रांस दौरे पर तीसरा दिन है। वे मंगलवार की रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ फ्रांस के दूसरे सबसे बड़े शहर मार्से पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने स्वंतत्रता सेनानी वीर सावरकर को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह शहर भारत की आजादी में खास महत्व रखता है। दरअसल, सावरकर को 1910 में नासिक षड्यंत्र मामले के तहत लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जहाज से भारत लाया जा रहा था। जब उनका जहाज मार्से के पास पहुंचा तो उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी और तैरकर तट तक पहुंच गए। मार्से में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर लिया। मोदी वर्ल्ड वॉर के दौरान जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मजारग्यूज वॉर सिमेट्री पहुंचे। प्लेन में हुई मोदी और मैक्रों के बीच द्विपक्षीय वार्ता विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि मोदी और मैक्रों ने मार्सिले की यात्रा के दौरान एयरप्लेन में ही द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान दोनों नेताओं के साथ डेलीगेशन भी मौजूद था। मिसरी ने कहा कि द्विपक्षीय चर्चा का मुख्य एजेंडा अक पर केंद्रित था।

### भारत-फ्रांस के बीच अहम मुद्दों पर सहमति

भारत-फ्रांस के बीच में अक के क्षेत्र में रिसर्च, डेटा सिक्योरिटी के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एडवांस मॉड्यूलर रिएक्टर और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर के को-डेवलपिंग और को-प्रोड्यूसिंग पर सहमति बनी।



### प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत के नए वाणिज्य दूतावास का किया उद्घाटन

पेरिस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को संयुक्त रूप से मारसेई शहर में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर फिलहाल फ्रांस के दौरे पर हैं। दोनों नेताओं ने बटन दबाकर संयुक्त रूप से मारसेई शहर में नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद भीड़ ने पूरे उत्साह के साथ खुशी जताई।

# सिख विरोधी दंगा- एक और केस में सज्जन कुमार दोषी

## 18 फरवरी को सजा; 41 साल पहले दिल्ली में सिख बाप-बेटे की हत्या हुई थी

▸▸2015 में मोदी सरकार द्वारा एसआईटी नियुक्त किए जाने के बाद इसे फिर से खोला गया। हम अदालत, सरकारी वकील मनीष रावत और कड जगदीश कुमार के आभारी हैं जिन्होंने इस पर बहुत मेहनत की। 18 फरवरी को अदालत सजा सुनाएगी।

एजेंसी



नयी दिल्ली ,1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी ठहराए जाने पर एडवोकेट एच.एस. फूल्का ने कहा कि आज सीबीआई की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सज्जन कुमार को 1984 में दो सिखों की हत्या के लिए दोषी ठहराया है। यह जसवंत सिंह और उनके बेटे तरनदीप सिंह की हत्या से जुड़ा मामला है। इस मामले को पुलिस ने बंद कर दिया था। 2015 में मोदी सरकार द्वारा एसआईटी नियुक्त किए जाने के बाद इसे फिर से खोला गया। हम अदालत, सरकारी वकील मनीष रावत और कड जगदीश कुमार के आभारी हैं जिन्होंने इस पर बहुत मेहनत की। 18 फरवरी को अदालत सजा सुनाएगी। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख दंगों से संबंधित दूसरे मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है जबकि उनके खिलाफ दो और मामले दर्ज हैं।

# कुछ लोग अपनी मानसिकता के अनुसार ही...

## संजय राउत के आरोपों पर अन्ना हजारे का पलटवार

राउत की यह टिप्पणी हजारे के उस दावे के बाद आई है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल के पैसे पर ध्यान केंद्रित करने के कारण आम आदमी पार्टी (आप) हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई।

एजेंसी



शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे पर 2014 के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के तहत अनियमितताओं के खिलाफ आवाज नहीं उठाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को राउत की यह टिप्पणी हजारे के उस दावे के बाद आई है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल के पैसे पर ध्यान केंद्रित करने के कारण आम आदमी पार्टी (आप) हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई।

आरोप — बीजेपी ने लगाया बड़ा आरोप, कांग्रेस से मांगा जवाब

# 'गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान और आईएसआई से संबंध'

एजेंसी



असम। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 2013 में उनकी शादी के बाद 12 साल तक पत्नी की ब्रिटिश नागरिकता बरकरार रखने के मुद्दे पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का नाम लिए बिना उन पर हमला बोला। उन्होंने एलिजाबेथ कोलबर्न के खिलाफ आईएसआई संबंधों के आरोपों का भी उल्लेख किया और कहा कि सवालों का जवाब दिया जाना चाहिए। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आईएसआई से संबंध, युवाओं को ब्रेनवॉशिंग और कट्टरपंथ के लिए पाकिस्तान दूतावास में ले जाने और पिछले 12 वर्षों से भारतीय नागरिकता लेने से इनकार करने के आरोपों के संबंध में गंभीर सवालों के जवाब दिए जाने की जरूरत है। सीएम ने आगे लिखा कि इसके अतिरिक्त, रूपांतरण कार्टेल में भागीदारी और राष्ट्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस सहित बाहरी स्रोतों से धन प्राप्त करना गंभीर चिंताएं हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ बिंदु पर, जवाबदेही आवश्यक होगी। केवल ज़िम्मेदारी से ध्यान भटकाना या दूसरों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास आसान पलायन मार्ग के रूप में काम नहीं करेगा। देश पारदर्शिता और सच्चाई का हकदार है। हालांकि हिमंत बिस्वा सरमा ने किसी नाम का उल्लेख नहीं किया, लेकिन यह स्पष्ट है कि वह गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के बारे में बात कर रहे थे, जिन्होंने 2013 में गोगोई के साथ शादी के बाद अपना ब्रिटिश पासपोर्ट बरकरार रखा है।

> सीएम ने आगे लिखा कि इसके अतिरिक्त, रूपांतरण कार्टेल में भागीदारी और राष्ट्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस सहित बाहरी स्त्रोतों से धन प्राप्त करना गंभीर चिंताएं हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

लेकिन अब भाजपा सीधे-सीधे गौरव गोगोई का नाम ले रही है। बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने कहा कि बेहद परेशान करने वाले और गंभीर तथ्य सामने आए हैं कि विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान और आईएसआई से संबंध हैं। मैं यह बात थोड़ी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के तौकीर शेख से संबंध हैं, जो पाकिस्तान योजना आयोग में सलाहकार हैं। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है, इसलिए हम राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछना चाहते हैं कि गौरव गोगोई को सामने आना चाहिए और एलिजाबेथ के आईएसआई और पाकिस्तान के साथ संबंधों का स्पष्ट विवरण देना चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि एलिजाबेथ कोलबर्न पाकिस्तानी आईएसआई एजेंटों के साथ क्यों काम कर रही हैं? क्या वे राहुल गांधी के उस बयान को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं कि राहुल गांधी और कांग्रेस की लड़ाई भारतीय राज्य से है? उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए आईएसआई और पाकिस्तान का समर्थन करना शुरू कर देगी?

# राष्ट्रपति, वित्तमंत्री पर गांधी परिवार की टिप्पणी संविधान का अपमान: सम्राट चौधरी



चौधरी ने कहा कि वे सोचते हैं कि यदि उनके परिवार का या परिवार की पसंद का कोई व्यक्ति देश का राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या वित्त मंत्री न बने, तो वे उसका अपमान कर सकते हैं। गांधी परिवार को पता होना चाहिए कि देश में लोकतंत्र है, संविधान से चलता और जनता तय करती है।

एजेंसी

पटना। उपमुख्यमंत्री-सह-वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने देश की पहली महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के कटाक्ष की निंदा करते हुए कहा कि पिछले 10 साल से केंद्रीय सत्ता से बाहर रहने के बाद भी गांधी परिवार लोकतंत्र की सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पाया। उनकी रस्सी जल गई पर ऐंठन बाकी है। चौधरी ने कहा कि पहले श्रीमती सोनिया गांधी ने आदिवासी समुदाय की महिला राष्ट्रपति माननीय द्रौपदी मुर्मू को बेचारी महिला( पूअर लेडी) कह कर उनका अपमान किया , राहुल गांधी ने उनके अभिभाषण को बोरिंग बताया और अब पहली बार की सांसद प्रियंका वाड्रा लोकसभा में लगातार आठवीं बार बजट पेश करने वाली यशस्वी वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण के आर्थिक ज्ञान पर सवाल उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका वाड्रा का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें अभी भी लगता है कि यहां राजतंत्र है। उनके परिवार से कोई भी सत्ता में नहीं है। यह दर्द या काम्प्लेक्स उनके बयानों से टपकता रहता है। चौधरी ने कहा कि वे सोचते हैं कि यदि उनके परिवार का या परिवार की पसंद का कोई व्यक्ति देश का राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या वित्त मंत्री न बने, तो वे उसका अपमान कर सकते हैं।


## सम्पादकीय

# एआई की चुनौती, तेजी से बदल रही टेक्नोलॉजी की दुनिया

एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं जो मनुष्य करते हैं लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं।इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं।पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा बने। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों ने सिर उठा लिया है।यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती भी दिख रही हैं।इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कोई प्रभावी तंत्र इसलिए बनाना होगा, क्योंकि अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है।यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी।सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व से दो-चार हैं। कोई भी तकनीक तभी अवसर बनती है, जब उसका उपयोग नीर-क्षीर ढंग से होता है और उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाई जाती है।एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है।एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। निःसंदेह नई तकनीक अवसर बनती है, लेकिन उन्हीं के लिए जो उससे परिचित हो जाते हैं।यह स्वाभाविक है कि भारत एआई को अपने लिए एक अवसर के रूप में देख रहा है, लेकिन यह समझा जाना चाहिए कि उसका समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है।एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो मनुष्य करते हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है।

## आज का विचार



## राशिफल

**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :**वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :**आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :**आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :**आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :**आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :**आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :**आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।


**मीन :**आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# परस्पर हितों की रक्षा से ही बनेगी बात, भारत को अपनानी चाहिए असल मुद्दों पर मोलभाव की रणनीति

> विदेश मंत्री मार्को रूबियो के एक हालिया साक्षात्कार से संकेत मिला कि अमेरिका अब बहुध्रुवीय व्यवस्था को स्वीकार कर रहा है। इसलिए चीन से सीधे टकराव का जोखिम शायद न उठाए परंतु हिंद-प्रशांत और अरब सागर से लाल सागर तक के आपूर्ति मार्ग को भारत की मदद के बिना चीनी वर्चस्व से मुक्त नहीं रखा जा सकता। ईरान के चाबहार बंदरगाह का मामला भी इसी सुरक्षा से जुड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस में एआई शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता करने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आमंत्रण पर अमेरिका जा रहे हैं। अपनी ऐतिहासिक जीत के साथ सत्ता में लौटे ट्रंप के तेवर काफी बदले हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत-अमेरिकी संबंधों में प्रगति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। ट्रंप ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले उन देशों पर निशाना साधना शुरू किया, जहां से बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी आ रहे हैं और जिनके साथ व्यापार घाटा हो रहा है। उन्होंने मेक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया, परंतु चुनाव प्रचार में टैरिफ किंग की संज्ञा देने के बावजूद भारत पर व्यापार टैरिफ की जगह अवैध प्रवासियों के लिए निशाना साधा। अमेरिका में मेक्सिको और अल सल्वाडोर के बाद सबसे बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी भारत से ही जाते हैं। अमेरिका में अब भारतीयों की संख्या लगभग 50 लाख हो चली है, जिनमें से 7,25,000 ऐसे हैं जो या तो अवैध (डंकी) मार्गों से घुसपैठ कर आए हैं या फिर वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि भारत से गए अवैध प्रवासियों को अमेरिका ने पहली बार देश से निकाला हो। पिछले वर्ष ही 1,000 से अधिक भारतीयों को निकाला गया था। वर्ष 2018 से 2023 के बीच लगभग 5,500 भारतीयों को निकाला गया, जिनमें से 2,300 अकेले 2020 में निकाले गए थे। हालांकि अभी तक भारतीयों को सेना के विमान में बेड़ियां-हथकड़ियां पहना कर



नहीं निकाला गया था। किसी भी देश में अवैध मार्गों से घुसपैठ गंभीर अपराध है। भारत जैसा बड़ा देश न इसका बचाव कर सकता है और न ही इसे बढ़ावा दे सकता है। इसलिए भारत ने अपने अवैध प्रवासियों को वापस लेने में पूरा सहयोग देने की पेशकश की, परंतु भारत जैसे स्वाभिमानी देश को यह भी गवारा नहीं हो सकता कि सहयोग की पेशकश के बावजूद उसके नागरिकों को बेड़ियां-हथकड़ियां पहना कर सैनिक विमानों से भेजा जाए। ऊपर से अमेरिकी सीमा पैट्रोल के प्रमुख माइकल बैंक्स ने उनका वीडियो बनाकर पोस्ट भी किया, जिसे लेकर भारत में राजनीतिक बवाल होना स्वाभाविक था। संसद में पहले तो विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे निर्वासन की स्थापित अमेरिकी प्रक्रिया बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, मगर बढ़ते आक्रोश पर विदेश सचिव को सफाई देते हुए स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने अमेरिकी सरकार के समक्ष अपने नागरिकों के अपमान का मुद्दा उठाया है, क्योंकि जब इसी शैली में ब्राजीली नागरिकों को वापस भेजा गया था तब ब्राजील सरकार ने भी अपना विरोध दर्ज कराया था। कोलंबिया के वामपंथी राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो तो इतना नाराज हुए थे कि अमेरिकी सैनिक विमान के अपनी धरती पर उतरने को प्रभुसत्ता का अतिक्रमण बता कर विमान को उतरने नहीं दिया था और बाद में ऊंचे टैरिफ की धमकी से घबराकर अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए अपने विमान भेजे थे। मेक्सिको, कनाडा, चीन और कोलंबिया के खिलाफ ट्रंप की आवेश भरी घोषणाओं के बाद के घटनाक्रम को देखा जाए तो मामूली मोलभाव के बाद ट्रंप ने अपने कदम रोक लिए हैं या वापस ले लिए हैं। ऐसा लगता है कि वह अमेरिकी राजनीति और विश्व व्यवस्था पर अपनी छाप छोड़ने की जल्दबाजी में हैं, इसलिए ध्यान खींचने के लिए सनसनीखेज घोषणाएं करते रहते हैं और मामूली सी रियायत हासिल होने पर भी अपनी जीत बताकर पीछे हट जाते हैं। इसलिए लगता है भारत ने अमेरिका के साथ उत्तरोत्तर प्रगाढ़ होते संबंधों की खातिर संयम से काम लेकर सही किया है। गीदड़ भभकी से डराकर मोलभाव की बाजीगरी के इस खेल की हकीकत अमेरिका के सबसे बड़े व्यापार साझेदार कनाडा, मेक्सिको और चीन समझ चुके हैं। दूसरे देशों के कूटनयिकों और मीडिया को भी इसे समझना होगा। अवैध प्रवासियों की बात करें तो अमेरिका में उनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक पहुंच गई है। पुलिस औसतन 2,000 को रोज पकड़ रही है, जिनमें से अधिकांश पर्याप्त संसाधनों के अभाव में वापस नहीं भेजे जा रहे। ट्रंप ने सत्ता संभालने के बाद सैनिक विमानों और अतिरिक्त अफसरों को इस काम पर लगाया है। एक तो इस काम में नागरिक विमानों की तुलना में दस गुना से अधिक खर्च आता है और दूसरे यदि 3,000 को भी रोज वापस भेजा जाए तब भी इतने लोगों को निकालने में दस साल से ऊपर लगेंगे। इसलिए सैनिक विमानों में बेड़ी और हथकड़ी पहनाकर भेजने का नाटक जिन देशों से अवैध प्रवासी आ रहे हैं, उनमें आतंक और राजनीतिक आक्रोश फैलाने के लिए खेला जा रहा है।

ब्रिटेन में भी सुनक सरकार ने अवैध मार्गों से आने वाले शरणार्थियों की बाढ़ को रोकने के लिए उन्हें रवांडा भेजने की योजना बनाई थी, जिसका उद्देश्य यही था। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान भारतीय दल भी ट्रंप प्रशासन के नाटकीय कदमों और बयानों में उलझे बिना अपना विरोध जताकर असल मुद्दों पर मोलभाव की रणनीति अपनाएगा। ट्रंप को अपना व्यापार घाटा कम करने की चिंता है, जिसका समाधान भारत उससे नई रक्षा और क्रिटिकल तकनीक का सामान और गैस खरीद के बदले कर सकता है। बदले में भारत को अपना व्यापार बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और रणनीतिक एवं सामरिक साझेदारी और मजबूत करने की कोशिश करनी चाहिए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत अमेरिका का प्रमुख सामरिक साझेदार है। वह क्वाड का अहम सदस्य है और उसके सहयोग के बिना चीन के विस्तार पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। विदेश मंत्री मार्को रूबियो के एक हालिया साक्षात्कार से संकेत मिला कि अमेरिका अब बहुध्रुवीय व्यवस्था को स्वीकार कर रहा है। इसलिए चीन से सीधे टकराव का जोखिम शायद न उठाए, परंतु हिंद-प्रशांत और अरब सागर से लाल सागर तक के आपूर्ति मार्ग को भारत की मदद के बिना चीनी वर्चस्व से मुक्त नहीं रखा जा सकता। ईरान के चाबहार बंदरगाह का मामला भी इसी सुरक्षा से जुड़ा है। उस बंदरगाह के प्रयोग के लिए भारत को मिली छूट का मामला ट्रंप ने रूबियो को सौंप रखा है। भारत को सुनिश्चित करना है कि ट्रंप प्रशासन उसे प्रतिबंधों के दायरे में न डाले।

# प्लास्टिक के खतरों से निपटने का कारगर विकल्प

**विजय गर्ग**

प्लास्टिक कचरा आज पर्यावरण की एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो न केवल धरती, महासागरों और नदियों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि हमारे भोजन और पानी में भी मिल रहा है। पारंपरिक प्लास्टिक का निर्माण पेट्रोलियम उत्पादों से होता है, जो प्रदूषण बढ़ाते हैं और सैकड़ों सालों तक नष्ट नहीं होते। इस समस्या का समाधान तलाशने के लिए वैज्ञानिक चावल-आधारित बायोप्लास्टिक की ओर देख रहे हैं, जो प्लास्टिक का टिकाऊ और पर्यावरण-मित्र विकल्प हो सकता है।

चावल दुनियाभर में सबसे अधिक उगाया और खाया जाने वाला अनाज है। इसके प्रसंस्करण के दौरान बड़ी मात्रा में कृषि अवशेष, जैसे धान की भूसी और पराली, निकलते हैं। आमतौर पर इनका कोई विशेष उपयोग नहीं होता और कई बार किसान इन्हें जलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। दिसम्बर-जनवरी के महीनों में दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। वैज्ञानिकों ने इस कृषि कचरे का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बनाने में करना सीख लिया है, जिससे न केवल कृषि कचरे का पुनर्चक्रण होता है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे किसानों की आय भी बढ़ सकती है और उद्योगों के लिए एक नया लाभकारी अवसर उत्पन्न हो सकता है।

पारंपरिक प्लास्टिक कचरे की समस्या यह है कि यह पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता और धीरे-धीरे छोटे कणों में टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। यही माइक्रोप्लास्टिक हमारे पानी, भोजन और यहां तक कि हवा में भी मिल चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। शोध बताते हैं कि हर साल लाखों टन प्लास्टिक महासागरों में पहुंच जाता है, जिससे



समुद्री जीव-जंतुओं को भारी नुकसान होता है। इसके अलावा, प्लास्टिक बनाने की प्रक्रिया में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है। पारंपरिक प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग भी पूरी तरह से प्रभावी नहीं है, क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक या तो लैंडफिल में चला जाता है या जलाए जाने पर हानिकारक गैसें उत्पन्न करता है।

बायोप्लास्टिक प्राकृतिक रूप से विघटित हो सकते हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। इन्हें जैविक स्त्रोतों से बनाया जाता है, जैसे मक्का, गन्ना और अब चावल। चावल से बने बायोप्लास्टिक में मुख्य रूप से स्टार्च और सेल्यूलोज का इस्तेमाल होता है। चावल के स्टार्च को कुछ प्राकृतिक पदार्थों, जैसे ग्लिसरॉल, के साथ मिलाकर एक लचीला और टिकाऊ प्लास्टिक तैयार किया जाता है।

इसके अलावा, चावल की भूसी से सेल्यूलोज निकाला जाता है, जिसे आगे की प्रक्रिया में तैयार करके मजबूत बायोप्लास्टिक बनाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने चावल के अवशेषों से पॉलीहाइड्रॉक्सीएल्केनोएट्स (पीएचए) नामक एक जैविक पॉलिमर बनाने की तकनीक विकसित की है, जो पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल है। यह पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत होता है लेकिन कुछ महीनों में ही प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाता है।चावल-आधारित बायोप्लास्टिक का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है, जिससे यह पारंपरिक प्लास्टिक का व्यावहारिक विकल्प बन सकता है। खाद्य पैकेजिंग में, बायोप्लास्टिक से बने कंटेनर और रैपिंग मैटेरियल खाद्य उत्पादों की ताजगी बनाए रखते हैं और प्लास्टिक कचरे को कम करते हैं। कृषि क्षेत्र में, बायोडिग्रेडेबल मल्चिंग फिल्म मिट्टी की नमी बनाए रखने और खरपतवार नियंत्रण में सहायक होती है। चिकित्सा उपकरणों में, सर्जिकल सुई, खुद से पिघलने वाले टांके और दवा वितरण प्रणालियों में इसका उपयोग बढ़ रहा है। उपभोक्ता उत्पादों में, बायोडिग्रेडेबल कटलरी, डिस्पोजेबल कप और खिलौनों के निर्माण में भी बायोप्लास्टिक का उपयोग बढ़ रहा है। इसी तरह, टेक्सटाइल और फैशन उद्योग में, बायोपॉलिमर से बने जैविक कपड़े पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। थ्रीडी प्रिंटिंग में, बायोप्लास्टिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग में एक टिकाऊ विकल्प बन रहा है।

हालांकि, चावल-आधारित बायोप्लास्टिक के कई फायदे हैं, लेकिन इसे बड़े पैमाने पर अपनाने में कुछ बाधाएं भी हैं। फिलहाल इसकी उत्पादन लागत पारंपरिक प्लास्टिक की तुलना में महंगी है। कुछ बायोप्लास्टिक पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत नहीं होते। इन्हें पूरी तरह विघटित होने के लिए सही परिस्थितियों की आवश्यकता होती है। यदि बायोप्लास्टिक उत्पादन के लिए खाद्यान्न आधारित कच्चे माल का उपयोग बढ़ता है, तो इससे खाद्य सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है। इसके बावजूद, बायोप्लास्टिक की प्रगति में अपार संभावनाएं हैं, जिसके चलते इसका वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है। यूरोपीय देशों ने इस तकनीक को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत में भी सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे बायोप्लास्टिक के लिए एक बड़ा अवसर पैदा हो सकता है। अगर चावल-आधारित बायोप्लास्टिक के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए और अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाए, तो यह प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का एक महत्वपूर्ण समाधान बन सकता है।

यदि, चावल-आधारित बायोप्लास्टिक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है, तो यह पारंपरिक प्लास्टिक का एक बेहतर विकल्प बन सकता है। यदि इस तकनीक को प्रोत्साहित किया जाए और इसके विकास में निवेश बढ़ाया जाए, तो निश्चित ही यह हरित और स्वच्छ भविष्य के हमारे सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।

# हिंसा और आंतकवाद का घृणित स्वरूप

**संजीव ठाकुर**

मानसिक विकृति के शिकार कुछ बंदूकधारियों द्वारा निरिह लोगों की हत्या कर अपना मकसद साध लेना ही आतंकवाद की श्रेणी में नहीं आता है,बल्कि शक्ति संपन्न राष्ट्रों द्वारा अपनी विस्तार वादी सामंती अवधारणा को पूरा करने के लिए छोटे देशों पर हमला करना भी आतंकवाद ही है इसराइल-हमास, रूस-यूक्रेन युद्ध इसका ताजा उदाहरण है, अमेरिका की दादागिरी, चीन का पागलपन, उत्तर कोरिया की सनक इन सबके विभस्त उदाहरण है जो अपनी व्यवसायिक ,सामरिक और मानसिक सनक को पूरा करने के लिए किसी भी देश को नेस्तनाबूद कर नागरिकों पर कहर ढाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं यह सब अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक बलात आतंकवाद ही हैं भारत एक सशक्त और बलशाली देश होने के बावजूद शांति की नीति को अपनाए हुए है और वैश्विक शांति का संदेश भी देने का प्रयास कर रहा है ऐसे देशों को साधुवाद देना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाबली राष्ट्रों की विस्तार वादी तथा सामंती गतिविधियों की सार्वजनिक निंदा भी की जानी चाहिएआतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

## शीना बोरा हत्याकांडः 'कोई गारंटी नहीं है कि आप वापस आएंगी', सुप्रीम कोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी की विदेश यात्रा वाली याचिका खारिज की

- सुप्रीम कोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी की विदेश यात्रा याचिका खारिज की
- बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी इंद्राणी को यात्रा की अनुमति नहीं दी थी
- कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक साल में पूरी करने का निर्देश दिया




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः सुप्रीम कोर्ट ने शीना बोरा हत्याकांड की आरोपी उसकी मां इंद्राणी मुखर्जी की विदेश यात्रा की अनुमति देने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। इंद्राणी ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने भी उसे विदेश यात्रा की अनुमति नहीं दी थी। जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह मामले की कार्यवाही एक साल के भीतर पूरी करे ।सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणीबेंच ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आप वापस आएंगी। मुकदमा की सुनवाई आगले चरण में पहुंच चुकी है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मुकदमा अभी जारी है। हम इस चरण में अनुरोध पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। हम निचली अदालत को निर्देश देते हैं कि वह सुनवाई में तेजी लाए और एक साल के भीतर इसे पूरा करे। बेंच ने मुखर्जी को निचली अदालत में जाने की स्वतंत्रता दी। याचिका का विरोध करते हुए सीबीआई के वकील ने कहा था कि यह एक संवेदनशील मामला है और सुनवाई करीब आधी पूरी हो चुकी है और 96 गवाहों से पूछताछ हो चुकी है ।याचिका में क्या कहा गया ?पूर्व मीडिया कार्यकारी मुखर्जी की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि उन्हें शीर्ष अदालत ने जमानत दे दी है

## शरद पवार ने किया एकनाथ शिंदे का सम्मान, हजम नहीं कर पा रही है उद्धव सेना, संजय राउत के बयान पर का डिप्टी सीएम पलटवार

☞ दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसे उद्धव सेना हजम नहीं कर पा रही है। उद्धव सेना के प्रमुख नेताओं ने जहां शरद पवार की आलोचना की वहीं उद्धव सेना के नेताओं ने शिंदे, शरद पवार की एनसीपी और बीजेपी ने घेरा।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

### शरद पवार ने एकनाथ शिंदे को 'महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार' दिया



मुंबईः दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसे उद्धव सेना हजम नहीं कर पा रही है। उद्धव सेना के प्रमुख नेताओं ने जहां शरद पवार की आलोचना की वहीं उद्धव सेना के नेताओं ने शिंदे, शरद पवार की एनसीपी और बीजेपी ने घेरा। इस पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें उनकी औकात दिखा दी है। इससे उनका संतुलन बिगड़ गया है। शरद पवार की पार्टी एनसीपी के सांसद अमोल कोल्हे ने कहा कि हर चीज में राजनीति नहीं होती। शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री शिंदे को सम्मानित किया। इसमें गलत क्या है।

### क्या कहना है कि उद्धव सेना का

मंगलवार को दिल्ली में शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को 'महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया है। इस पर उद्धव सेना के प्रमुख प्रवक्ता संजय राउत ने शरद पवार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निशाना साधा। राउत ने कहा कि शरद पवार को एकनाथ शिंदे को पुरस्कार से सम्मानित नहीं करना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने महाराष्ट्र का सत्यानाश किया, जिसे महाराष्ट्र अपना शत्रु समझता है, ऐसे लोगों का सम्मान करना महाराष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान के खिलाफ है। राउत ने कहा कि शरद पवार की भावना अलग हो सकती है लेकिन महाराष्ट्र की जनता उनके इस कार्य से सहमत नहीं है। संजय राउत के बाद सुषमा अंधारे और पूर्व सांसद विनायक राउत ने भी शरद पवार को निशाने पर लिया है। विनायक राउत ने तो शरद पवार को विश्वासघाती तक बता दिया है।

### शिंदे का पलटवार

राउत के बयान के बाद उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद उनका (उद्धव सेना) संतुलन बिगड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और एकनाथ शिंदे से नफरत करने वाले अब महान योद्धा महादजी शिंदे से नफरत करना शुरू कर दिया। शरद पवार का बचाव करते हुए शिंदे ने कहा कि संजय राउत और पूरी उद्धव सेना ने शरद पवार और साहित्यकारों अपमान किया है। वे हमेशा बोलते है कि हम पवार का आदर करते है।

फास्ट ट्रैक

## पश्चिम रेलवे द्वारा शब-ए-बरात के अवसर पर 13/14 फरवरी, 2025 की मध्यरात्रि को दो अतिरिक्त स्लो स्पेशल लोकल ट्रेनें चलाई जाएँगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पश्चिम रेलवे द्वारा शब-ए-बरात के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने हेतु 13/14 फरवरी, 2025 की मध्यरात्रि को चर्चगेट से विरार एवं विरार से चर्चगेट के लिए दो अतिरिक्त स्लो स्पेशल लोकल ट्रेनें चलाई जाएँगी। 14 फरवरी, 2025 को चर्चगेट-विरार स्पेशल लोकल (स्पेशल 1) चर्चगेट से 02:35 बजे प्रस्थान करेगी और 04:15 बजे विरार पहुँचेगी। इसी प्रकार, 14 फरवरी, 2025 को विरार-चर्चगेट स्पेशल लोकल (स्पेशल 2) विरार से 01:42 बजे प्रस्थान करेगी और 03:22 बजे चर्चगेट पहुँचेगी। ये दोनों लोकल ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

## पुणे के बाद अब मुंबई में जीबीएस ने पसारे पांव, गुलियन बेरी सिंड्रोम से पहली मौत, मचा हड़कंप

**महाराष्ट्र के पुणे के बाद जीबीएस संक्रमण अब मुंबई में भी पहुंच गया है, जिससे 53 साल के मरीज की मौत हो गई है। यह मुंबई में जीबीएस वायरस से हुई पहली मौत है। मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में इलाज की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र के पुणे में जीबीएस के तांडव के बाद अब संक्रमण मुंबई तक पहुंच गया है। मुंबई के नायर अस्पताल में भर्ती 53 साल के एक मरीज की मौत हो गई है। मुंबई में जीबीएस सिंड्रोम वायरस से मौत का यह पहला मामला है। मरीज वडाला इलाके का रहने वाला था और बीएमसी के बीएन देसाई अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में काम करता था ।नायर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, वो काफी दिनों से बीमार था और उसका इलाज चल रहा था। वहीं नायर अस्पताल में एक नाबालिग लड़की भी भर्ती है, जिसे जीबीएस वायरस हुआ है। यह लड़की पालघर की रहने वाली है और 10वीं कक्षा की छात्रा है ।जीबीएस से आठवीं मौतइससे पहले 6 फरवरी को भी जीबीएस सिंड्रोम वायरस की चपेट में आने से एक मरीज की मौत हो गई थी। वहीं, 26 जनवरी को महाराष्ट्र के पुणे में गुलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से एक चार्टर्ड अकाउंटेंट का निधन हो गया था। वह डीएसके विश्वा इलाके में रहता था ।स्वाइन फ्लू की तरह होते हैं लक्षणजीबीएस एक न्योरोलॉजिक बीमारी है। स्वाइन फ्लू के तरह इस बीमारी के लक्षण होते हैं। जिसमें सर्दी, जुकाम और तेज बुखार आता है। इसके कारण मांसपेशियों में कमजोरी हो जाती है और शरीर के अंग सुन्न पड़ जाते हैं। इससे लकवा या कभी-कभी मौत भी हो सकती है ।गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के प्रकोप के बीच 29 जनवरी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रशासन से मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने को कहा था।




## पानी की बचत के मद्देनजर डेवलपर निर्माण कार्य में पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , मनपा क्षेत्र में कुल सात सीवेज उपचार केंद्रों में अत्याधुनिक एसबीआर सुविधाएं हैं वर्तमान में प्रौद्योगिकी पर कार्यान्वित हैं। सभी सीवेज उपचार संयंत्रों में सभी सीवेज का उपचार किया जा सकता है। केंद्र सरकार के अमृत मिशन के तहत, नवी मुंबई मनपा ने अपशिष्ट जल का अधिक कुशल उपयोग करने के उद्देश्य से कोपर खैरणे और ऐरोली में तृतीयक उपचार संयंत्र (अल्ट्रा निस्पंदन और पराबैंगनी आधारित प्रौद्योगिकी) का निर्माण किया है ।द्वितीयक उपचारित जल को तृतीयक उपचारित जल से उपचारित किया जाता है और पुनसंर्साधित सीवेज को महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के टीटीसी में उपचारित किया जाता है। औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक प्रतिष्ठानों को गैर-पीने योग्य प्रयोजन हेतु आपूर्ति की जा सकेगी ।नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में सिडको द्वारा निर्मित मौजूदा खतरनाक इमारतों का पुनर्विकास कार्य शुरू हो गया है और अन्य निजी भूखंडों पर भी विकास कार्य प्रगति पर हैं। इनमें से कई विकास कार्यों में पीने योग्य पानी का उपयोग किया जाता है। वर्तमान समय में वर्षा की मात्रा दिन-ब-दिन कम होती जा रही है और पीने के पानी की कमी होती जा रही है ।इसलिए, भविष्य में पीने के पानी की कमी से बचने और पीने के पानी की उचित योजना बनाने के लिए, नवी मुंबई मनपा के पास बड़ी मात्रा में पुनर्नवीनीकरण पानी उपलब्ध है यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि डेवलपर निर्माण उद्देश्यों के लिए उपरोक्त तृतीयक उपचारित पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग करने के लिए बाध्य होगा।

## किसी के साथ अन्याय किए बिना विकास करना सरकार की भूमिका - प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) प्रभावित भूमिपुत्रों के साथ अन्याय किए बिना ठाणे और मीरा-भाईंदर नगरपालिका क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करेगा। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के अवसर पर बोल रहे थे। इस बार एम.एससी. एमएमआरडीए आयुक्त संजय मुखर्जी, अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुदगल, मीरा-भाईंदर मनपा आयुक्त संजय काटकर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मोघरपाड़ा मेट्रो कारशेड में प्रभावित किसानों के मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रशासन ने गायमुख से फाउंटेन और गायमुख से दहिसर चेक पोस्ट के बीच 60 मीटर सड़क से प्रभावित किसानों से भी चर्चा की। संबंधित किसानों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए ,साथ ही एमएमआरडीए की प्रमुख मांग सड़क को बीच से बांटना भी है। इस पर प्रशासन सहमत हो गया है। इसके अलावा कार शेड और उस तक पहुंचने वाली सड़क के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। परियोजना से प्रभावित होने वाले किसानों की मांग है कि सड़क को सबसे कम प्रभावित क्षेत्र से होकर वैकल्पिक मार्ग पर ले जाया जाना चाहिए। कार शेड परियोजना में प्रभावित होने वाले ₹फातिमा माता₹ मंदिर को विकसित करने का भी निर्णय लिया गया जो ईसाई समुदाय का पूजा स्थल है। मंत्री सरनाईक ने निर्देश दिया कि सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और मानसून से पहले मीरा-भाईंदर मनपा क्षेत्र में लोगों की पीने के पानी की समस्या का समाधान किया जाएगा ।बैठक में दोनों मनपाओं के अधिकारियों और एमएमआरडीए के अधिकारियों के साथ-साथ परियोजना से प्रभावित बड़ी संख्या में भूमि पुत्रों ने भाग लिया।




## दस माह में लगभग 6773 करोड़ रुपए ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर, । महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जनवरी माह तक पश्चिम मध्य रेल ने लगभग कुल रुपये 6773 करोड़ 31 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। जिसमें मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 2021 करोड़ 25 लाख, माल यातायात से रुपये 4333 करोड़ 05 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 146 करोड़ 57 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 272 करोड 44 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। अकेले जनवरी माह में पश्चिम मध्य रेल ने 796 करोड़ 68 लाख रुपए ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 217 करोड़ 32 लाख, माल यातायात से रुपये 454 करोड़ 67 लाख अन्य कोचिंग मद में रुपये 14 करोड़ 40 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 110 करोड 29 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

### यात्री यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं :-

यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया।

स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं।

पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं।

यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं।

अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### माल यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं :-

मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया।

माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही।

गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल / साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है।

मालगाड़ियों में ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है।

गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है।

पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

## गिरफ्तारी को अवैध बता कोर्ट ने 39 छात्राओं को यौन शोषण आरोपी टीचर को दी रिहाई

पुणे : 52 साल के एक टीचर को पुणे पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में गिरफ्तार किया गया था। उन पर 39 स्कूली लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप था। सोमवार को एक विशेष अदालत ने टीचर की गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार देते हुए

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/281** दि. 10.02.2025 आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : उंबरगांव, संजन और वापी : अमृत भारत स्टेशन योजना (फेज-I) अंतर्गत स्टेशनों का अपग्रेडेशन. (शेष कार्य). **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 13,96,86,269.34. **ईएमडी** : रु. 848400/- . **जमा करने की तिथि एवं समय** : 07.03.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 07.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1064

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**अभियांत्रिकी कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा निम्न निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. **अ.क्र. : 1. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/279, दि. 10.02.2025. कार्य एवं स्थान : जोन हॉर्टिकल्चर** : चर्चगेट – विरार **अनुभाग** : उर्वरकों, मैन्युर सीड्स, प्लांट्स, फ्लॉवर पॉट्स, गार्डन उपकरण और एक्सेसरीज की आपूर्ति के उद्यान का विकास. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 3097259.86. **ईएमडी** : रु. 62000/-. **अ.क्र. : 2. ई-निविदा सूचना क्र.** : बीसीटी/24-25/280, दि. 10.02.2025. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई सेंट्रल – मुंबई सेंट्रल में टाइप-II क्वार्टर आग्रीपाडा कॉलोनी की मरम्मत. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 16616851.10. **ईएमडी** : रु. 233100/-. दोनों निविदा जमा करने की **तिथि एवं समय** : 07.03.2025 को 15.00 बजे तक, दोनों निविदाएं **खुलने की तिथि एवं समय** : 07.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.** 1063

Like us on : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापूर मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.**: सोला/क.वि./नि/2024/07R3, **कार्य का नाम** : लातूर टर्मिनस का विकास, वॉशिंग कम पिट लाइन और स्टेबलिंग लाइन का निर्माण के संबंध मे विद्युत टीआरडी का कार्य। (पुनर्निविदा)। **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 56,61,906.01/-, **बयाना राशि** : रु. 1,13,200/-, **कार्य पुरा करने की अवधि** – 12 माह।, **निविदा प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय** : दि. 06/03/2025 को 15:00 बजे।

SUN 57 **वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि)**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/10/2025, दिनांक : 10.02.2025**

| अ. क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 76 | 6 क्वॉड केबल, 0.9 एमएम व्यास | 1047 किमी. | 07-मार्च-25 |
| 77 | 4 एमएम डाया मैन्युअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, क्लास : ए2 (रूटाइल टाइप), टाइप | 897170 मी. | 10-मार्च-25 |
| 78 | मोटर सस्पेंशन यूनिट कम्प्लीट | 84 नग | 10-मार्च-25 |
| 79 | स्टिक टाइप मास्टर कंट्रोलर | 160 नग | 10-मार्च-25 |
| 80 | कॉम्बिनेशन हाई विस्कॉस नायलॉन (एचवीएन) – 66 इंसुलेटिंग लाइनर्स | 150000 सेट | 10-मार्च-25 |
| 81 | इंडक्टिव शंट असेम्बली (एसजे) | 48 नग | 12-मार्च-25 |
| 82 | 60 किग्रा. 8.5 में 1 ओवर राइडिंग राइट हैंड डिरेलिंग स्विचेस | 150 सेट | 12-मार्च-25 |
| 83 | ईपी (लाइन) कॉन्टैक्टर हेतु सपोर्ट क्लैम्प | 2571 नग | 19-मार्च-25 |
| 84 | को-को बोगी फ्रेम | 16 सेट | 21-मार्च-25 |

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना क्र. एस-05-2025, दिनांक : 17.01.2025 में अ.क्र. 38 हेतु मात्रा को 388600 सेट पढ़ें.

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा **www.wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें.

1065 **कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: twitter.com/WesternRly

## तनाव मस्तिष्क में ग्लाइकोजन को कम कर देता है, जिसके कारण अस्वस्थ खानपान की लालसा पैदा होती हैः डा० अजय कुमार सोनकर



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

आज के हमारे जीवनशैली में अस्वस्थ खानपान को मधुमेह, हृदयरोग, कैंसर व अन्य तमाम गम्भीर रोगों के लिये उत्तरदायी माना जाता है। खाँसकर युवाओं में जंक फूड व देर रात्रि आनलाइन फूड सप्लाई के माध्यम से खाने की बुरी आदतें आम हो गई हैं। जिसके लिये खानपान में असनशीलता व बुरी आदतों को ज़िम्मेदार माना जाता है। किन्तु इस आपदा को विज्ञान की दृष्टि के देखने पर कारण का एकदम अलग रूप का दर्शन होता है ।विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक पद्मश्री डा० अजय सोनकर ने बताया कि यह स्थिति असुरक्षा और भयभीत जीवन शैली जैसे कई कारणों से उत्पन्न तनाव के कारण पैदा हुई है ।उन्होंने खुलासा किया कि शोध से संकेत मिलता है कि तनाव मस्तिष्क ग्लाइकोजन के स्तर में कमी ला सकता है, मुख्य रूप से कोर्टिसोल जैसे ग्लूकोकोर्टिकोइड्स की बढ़त के कारण मस्तिष्क में ग्लाइकोजन टूटने को उत्तेजित करता है, विशेष रूप से एस्ट्रोसाइट्स के भीतर जहां अधिकांश मस्तिष्क ग्लाइकोजन संग्रहीत होता है; यह कमी संज्ञानात्मक कार्य और मनोदशा नियंत्रण पर तनाव के नकारात्मक प्रभावों में योगदान करती है ।जब तनाव होता है, तो शरीर ग्लूकोकोर्टिकोइड्स छोड़ता है जो ग्लाइकोजन को ग्लूकोज में तोड़ने वाले एंजाइम को सक्रिय कर देता है, जिससे मस्तिष्क में ग्लाइकोजन भंडार कम हो जाता है ।मस्तिष्क ग्लाइकोजन मुख्य रूप से एस्ट्रोसाइट्स में संग्रहीत होता है, जिन्हें ग्लियाल कोशिकाएं कहते हैं जो न्यूरॉन्स को संचालित करती हैं, मस्तिष्क ग्लाइकोजन में गिरावट रक्त में शर्करा का स्तर गिरा देती है यानि हाइपोग्लाइसीमिया में योगदान करती है, क्योंकि ग्लाइकोजन ग्लूकोज के संग्रहण के रूप में कार्य करता है, जिसे मस्तिष्क मुख्य रूप से ऊर्जा के लिए उपयोग करता है, इसलिए जब मस्तिष्क ग्लाइकोजन का स्तर गिरता है, तो यह आसानी से उपलब्ध ग्लूकोज की कमी का कारण बन जाता है, जिससे रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है। निम्न रक्त शर्करा का स्तर, या हाइपोग्लाइसीमिया, चीनीयुक्त भोजन की लालसा पैदा करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शरीर रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाने के लिए चीनी की माँग करता है। इसप्रकार जब रक्त शर्करा का स्तर गिरता है, तो शरीर उन्हें बढ़ाने के लिए चीनी युक्त भोजन करने के लिये प्रेरित करता है। इस तरह तनाव चीनी और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट की लालसा पैदा होती है ।डा० अजय के कहा कि युवाओं में बढ़ते अस्वस्थ व असमय खासकर देर रात्रि में भोजन करने की प्रवृति को समझा-बुझाकर या दबाव डालकर नहीं बदला जा सकता, बल्कि इन तरीकों से स्थिति और भी गम्भीर हो सकती है। युवाओं को रचनात्मक कार्यों में संलग्न करके व तनाव मुक्त जीवनशैली प्रदान करके ही उन्हें इन गम्भीर परिस्थिति से उबारा जा सकता है।

**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**( भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/59/2025 )**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| S.No | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1. | 61241202 | ब्रश पेंट और वार्निश फ्लैट आकार 50 मिमी रबर सेट | 11217 संख्या |
| 2. | 8123WCR TP-65 | 12 टर्न-आउट स्लीपरों में से 1 के निर्माण और आपूर्ति के लिए दर अनुबंध | 663 सेट |
| 3. | 20255001 | 3-चरण कर्षण मोटर में उपयोग किए जाने वाले रोलर बीयरिंग का सेट | 100 सेट |
| 4. | 20251850 | इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए उच्च पहुंच वाला पेंटोग्राफ | 13 संख्या |
| 5. | 38241756 | बॉक्सएनएचएल वैगन के लिए पालना/अंत कोण | 11311 संख्या |
| 6. | 30241454 | डेंसिफाइड थर्मल बॉन्डेड पॉलिएस्टर ब्लॉक का पूरा सेट। | 130 सेट |
| 7. | 34243073 | डेंसिफाइड थर्मल बॉन्डेड पॉलिएस्टर ब्लॉक का पूरा सेट। | 43741 लीटर |
| 8. | 40245037 | डिजाइन, विनिर्माण एवं आपूर्ति। | 24 संख्या |
| 9. | 38241503 | BOXNHL वैगन के लिए साइड मिडिल कोपिंग (द्वार)। | 8284 संख्या |
| 10. | 38242622 | योक पिन सपोर्ट प्लेट के लिए प्लेट लाइनर पहनें। | 19935 संख्या |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

**उपरोक्त निविदाओं की Due Date क्रम संख्या-1 की Due Date-03.03.2025, क्रम संख्या-2 की Due Date-04.03.2025, क्रम संख्या-3 की Due Date-05.03.2025, क्रम संख्या-4 और 5 की Due Date-06.03.2025, एवं क्रम संख्या-6 से 10 तक की Due Date-10.03.2025** है।

**कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्य रेल**

**मुंबई मंडल में विभिन्न कार्य**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. मरे/मरेप्र(कार्य) बीबी/2025/02 दिनांक - 06.02.2025**

**क्रम संख्या-1.** कार्य का नाम – A) पेन-थल में पुल संख्या 115/3 के पाइल कैप और एबटमेंट को मजबूत करना। B) पुल संख्या - 84/1A (13/18.3 (पातलगंगा नदी पुल) के पेडस्टल के लिए मजबूती (24 संख्या) और पुल संख्या 131/2A (7/18.3) अंबा नदी पुल) के लिए (12 संख्या एडीईएन (ई) पनवेल के तहत। लगभग मूल्य रु. में 116.93 लाख। बयाना राशि रु. में-208500 समापन अवधि 6 महीने।

**क्रम संख्या-2.** कार्य का नाम – कल्याण जंक्शन-इगतपुरी खंड के बीच 45 संख्या में गेज फेस ल्यूब्रिकेटर की व्यवस्था। लगभग मूल्य रु में 666.04 लाख। बयाना राशि रु में 483000 समापन अवधि 60 महीने।

**क्रम संख्या-3.** कार्य का नाम – A) जी.एस. बिल्डिंग से बॉक्स प्रकार क्रिकेट और पार्सल पिट लाइन नंबर 8 कल्याण अंत से शेड नंबर 12-13 के बीच वाड़ी बंदर यार्ड में सड़क की मरम्मत। B) एनसीसी वाडी बंडर से वाडी बंडर यार्ड में नए विद्युत उपकेंद्र तक आरसीसी सड़क की व्यवस्था। C) सीएसएमटी – कार्नाक बंडर पर सड़क की मरम्मत का कार्य। लगभग मूल्य रु में 388.85 लाख। बयाना राशि रु में - 344400/- समापन अवधि 12 महीने।

**क्रम संख्या-4.** कार्य का नाम – A) सीएसएमटी में नए प्रशासनिक भवन में आईटी केंद्र, सम्मेलन कक्ष, ई-कार्यालय सेल और स्टाफ की बैठने की व्यवस्था का नवीनीकरण। B) सीएसएमटी में नए अनेक्स भवन में ई.डी.पी. केंद्र का नवीनीकरण । लगभग मूल्य रु. में 123.14 लाख। बयाना राशि रु में - 211600/- समापन अवधि 6 महीने।

**क्रम संख्या-5.** कार्य का नाम – पणवेल-जसाई- ब्रिज संख्या 77/1 के पियर्स, एबटमेंट, विंग और रिटर्न वॉल को मजबूत करना। स्थान दापोली में पणवेल क्रीक। लगभग मूल्य रु में 320.44 लाख। बयाना राशि रु में - 310200/- समापन अवधि 12 महीने।

**क्रम संख्या-6.** कार्य का नाम – भायखला-एसएसई (डब्ल्यू) भायखला के तहत क्षेत्रीय कार्य के बदले में क्वार्टरों के वार्षिक रखरखाव कार्य का विविध कार्य वर्ष 2024-25 के लिए। लगभग मूल्य रू में 143.04 लाख। बयाना राशि रु में - 221500/- समापन अवधि 12 महीने।

**क्रम संख्या-7.** कार्य का नाम – A) वाडीबंदर में पुराने आईओएच शेड की लीक होने वाली घाटी की नाली, डाउनटेक पाइप, पेंटिंग और लीक होने वाली छत और उत्तर की रोशनी के कांच की मरम्मत। B) सीएसएमटी- लिनन कार्यालय के सामने और सीएसएमटी स्टेशन पर संरचनाओं के लिए होने वाली छत की शीट, घाटी की नाली और डाउनटेक पाइप की मरम्मत। C) सीएसएमटी में पीएफ नंबर 16/17 कल्याण अंत पर सीवाईएम भवन का नीवनीकरण। D) संधुस्त रोड स्टेशन के उच्च प्लेटफार्म 3 और 4 के स्टील गार्डर और कॉलम की मरम्मत एसएसई (डब्ल्यू) वाडीबंदर के तहत लगभग मूल्य रु. में 348.11 लाख। बयाना राशि रु में - 324100/- समापन अवधि 12 महीने।

**क्रम संख्या-8.** कार्य का नाम – विठलवाडी-करजत, पनवेल-करजत और नेराल-मैथेरान में एडीईएन (टी) कल्याण के अधिकार क्षेत्र के तहत पानी की आपूर्ति के वाल्व, पंप रुम, भंडारण टैंकों और पानी की आपूर्ति के विवरण का संचालन और रखरखाव दो वर्षो के लिए। लगभग मूल्य रू. 40.35 लाख। बयाना राशि रु में - 80700/- समापन अवधि 24 महीने।

उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र. 1 दिनांक 18.02.2025, क्र. 2 दिनांक 25.02.2025, क्र. 3 और 4 दिनांक 20.02.2025, क्र. 5 दिनांक 10.03.2025, क्र. 6 दिनांक 28.02.2025, क्र. 7 और 8 दिनांक 03.03.2025, क्र. 11:00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुद्धिपत्र के विवरण हेतु अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध हैं। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रुप सेटेंडर से ऊपर ई-टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई-टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्यूअल रुप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा। www.ireps.gov.in वेबसाइट में प्रकृति का नियम के अनुसार उपलब्ध किए गए पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रुप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन -022-67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अूरुप है। निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र के ऊपर, छशिमट मुंबई-400001 के नोटिसबोर्ड पर भी उपलब्ध है।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मुंबई छशिमट**

SUN 767 अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## टीडीआरएफ के जवानों की तरह अन्य कर्मचारियों को न्याय दे :नारायण पवार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , भाजपा के पूर्व गटनेता नारायण पवार ने मांग की कि मनपा को आपदा प्रबंधन के लिए नियुक्त टीडीआरएफ कर्मियों की तरह मनपा के स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और ठोस अपशिष्ट विभागों के लिए मानदेय पर अनुबंध के आधार पर सेवा लेने का नीतिगत निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने इस आशय की मांग आयुक्त सौरभ राव से की है।ठाणे मनपा ने कुछ महीने पहले 'टीडीआरएफ' दस्ते से 30 कर्मियों को स्थायी रूप से सेवा में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। ये कर्मचारी करीब सात साल पहले ठाणे मनपा की सेवा में भर्ती हुए थे। इन जवानों की तरह, मनपा के स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और ठोस अपशिष्ट विभाग के कर्मचारी महामारी, बाढ़, कड़ाके की ठंड या असहनीय गर्मी का सामना करते हुए भी अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। कोरोना वायरस संकट के दौरान मौत की भय के बावजूद मनपा के सैकड़ों संविदा कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डाली थी। शहर में साफ-सफाई के साथ-साथ जलापूर्ति सुचारू रखने के लिए कर्मचारी काम कर रहे थे।सफाई कर्मचारियों ने मनपा को राष्ट्रीय स्तर का स्वच्छता पुरस्कार दिलाकर मनपा का परचम लहराया था। कोरोना वायरस महामारी के दौरान, कब्रिस्तान के कर्मचारियों ने मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए जोखिम उठाया। इनमें से अधिकतर कर्मचारी संविदा कर्मचारी हैं। वे पिछले 20 से 25 वर्षों से ठेकेदारों के साथ काम कर रहे हैं। अब बढ़ती उम्र के कारण उन्हें नौकरी के नये अवसर नहीं मिलेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मनपा की सेवा में ईमानदारी से काम करने के बावजूद कई वर्षों के बाद भी उन्हें पारिश्रमिक के आधार पर मनपा में नौकरी नहीं दी गई है। पूर्व गटनेता नारायण पवार ने मांग की है कि सरकार को स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और ठोस अपशिष्ट विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को मानदेय के आधार पर भर्ती करने के लिए नीतिगत निर्णय लेना चाहिए।

## यूट्यूब पर प्रसारित होने वाले 'इंडिया गॉट लैटेंट' जैसे अश्लील कार्यक्रम युवा पीढ़ी को अश्लीलता परोस रहे हैं- मनसे

### जिला अध्यक्ष कल्याण लोकसभा बंडू देशमुख और शहर अध्यक्ष संजय घुघे ने कार्यक्रम बंद कराने के लिए दिया ज्ञापन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर. वर्तमान में यूट्यूब पर प्रसारित होने वाले 'इंडिया गॉट लेटेंट' जैसे अश्लील कार्यक्रम अपने अश्लील और गैरजरूरी कंटेंट को लेकर चर्चा में बने हुए है। ऐसे कार्यक्रम समाज में युवाओं और बच्चों में अश्लीलता परोस कर सभ्य समाज को दूषित कर रहें है।ऐसे कार्यक्रम समाज में अपराधों के कारण बन रहे हैं। सिनेमा और टीवी जगत के लोग अपने निजी हित और लाभ के लिए टीआरपी बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दे रहे हैं। घर घर और बच्चों तक इंटरनेट और मोबाइल की पहुंच ने ऐसे अश्लील कार्यक्रमों को सभी तक पहुंचाने का काम आसान कर दिया है। मनसे के कल्याण लोकसभा अध्यक्ष बंडू देशमुख और शहर अध्यक्ष संजय घुघे ने 'इंडिया गॉट लेटेंट' जैसे अश्लील कार्यक्रमों को बंद करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन मंगलवार को उप विभागीय अधिकारी शर्मा को सौंपा और उनसे निवेदन किया कि समाज हित में उक्त शो को बंद किया जाय। पत्र में कहा गया कि ऐसे कार्यक्रमों के निर्देशकों,निमार्ताओं और कलाकारों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।मनसे पदाधिकारियों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों से महाराष्ट्र और देश की संस्कृति नष्ट हो रही है और पश्चिमी संस्कृति हमारे देश और संस्कृति पर हावी हो रही है। 'इंडिया गॉट लेटेंट 'जैसे कार्यक्रमों के खिलाफ सख्त कानून भी बनाया जाना चाहिए ताकि ऐसे कार्यक्रम यूट्यूब या अन्य मीडिया के माध्यम से न दिखाए जा सके। उक्त ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख, जिला संगठक दिलीप थोरात, शहर अध्यक्ष संजय घुगे, शेठपलानी, रवि पाल मंडल, देवा तायडे, अजय वानखेड़े आदि अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## भाजपा के विरोध फुटपाथ से टपरी व अतिक्रमण हटा




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,मनपा से स्वीकृत जगह के बजाय सड़क के किनारे मुख्य फुटपाथ पर टपरी बनाने के प्रयास को विफल करने का फैसला किया है। भाजपा अध्यक्ष के साथ कार्यकताओं के कड़े विरोध के बाद ठेकेदार ने टपरी हटा दिया है। भाजपा कार्यकर्ता तलाव किनारे फुटपाथ और नौपाड़ा में सारस्वत बैंक के सामने के फुटपाथ को साफ करने में सफल रहे। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि सड़क के किनारे खुली जगह पर ठेले या खोमचे इस तरह लगाए जाएं कि आम नागरिकों और पैदल चलने वालों को परेशानी न हो। हालांकि, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने आरोप लगाया कि ठाणे मनपा के कुछ अधिकारियों ने नियमों को विकृत कर दिया है।कल दोपहर करीब 2 बजे नौपाड़ा सारस्वत बैंक के सामने और तलाव पाली में फुटपाथ पर लोगो वाले स्टॉल लगाए गए थे। उद्योग को एक स्थान पर स्टॉल की मंजूरी देनी थी और वास्तव में मुख्य स्थान पर स्टॉल लगाना था।पैदल यात्रियों को परेशान करने वाले ठेले-खोमचे वालों पर नजर पड़ने के बाद संजय वाघुले ने तुरंत मनपा के संबंधित विभागों को तीव्र आंदोलन की चेतावनी दी। ठेकेदार ने पोकलेन मशीन से स्टॉल हटा दिए। ठेकेदार इस बात पर सहमत हुआ कि सारस्वत बैंक के सामने स्टॉल को तुरंत हटा दिया जाएगा और तलाव पाली के स्टॉल को भी हटा दिया जाएगा।स्टेशन के फुटपाथ पैदल यात्रियों के लिए खुले रहने चाहिए। संजय वाघुले ने चेतावनी दी कि फुटपाथ पर बाधा उत्पन्न करने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व नगर सेवक सुनेश जोशी, नौपाड़ा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष वृषाली वाघुले, युवा मोर्चा शहर महासचिव प्रशांत कलमबंते, अल्पसंख्यक मोर्चा शहर अध्यक्ष शरीफ शेख, हनीफ खान, संहिता देव, मंगेश ओक और अन्य उपस्थित थे।

## गर्भवती महिला समेत 4 लोगों पर लाठी-डंडों से हमला

### तिलहर में घर में घुसकर की मारपीट, तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तिलहर, कोतवाली क्षेत्र में एक परिवार के साथ हुई मारपीट का मामला सामने आया है।तिलहर के गांव विकरनपुर में रामपाल, कपिल और अन्नू नाम के तीन लोगों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से एक परिवार पर हमला कर दिया। पीड़ित शांति देवी ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि आरोपी उनके घर में जबरन घुस आए और परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया।इस हमले में उनकी गर्भवती बहू मायावती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।इसके अलावा शांति देवी के पति राजबहादुर, बेटा सौरभ और वह खुद भी इस हमले में घायल हुए हैं।कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## राकांपा(श.प.गुट) महासचिव अविनाश देशमुख ने समूह शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर नोटों की माला चढ़ाकर विरोध जताया

### बदलापुर में स्कूली छात्रा के साथ अश्लील हरकतों के विरुद्ध विरोध स्वरूप यह अनोखा तरीका अपनाया।




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. विगत कुछ दिन पूर्व बदलापुर में स्कूली छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा अश्लील हरकत और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया था।इस घटना के विरोध में राकांपा( श.प. )के महासचिव अविनाश देशमुख ने मंगलवार दोपहर समूह शिक्षा अधिकारी राजकुमार जतकर की कुर्सी पर नोट फेंककर तथा फूलों का हार चढ़ा कर अनोखे ढंग से अपना कड़ा विरोध जताया। राकांपा महासचिव देशमुख द्वारा इस प्रकार का विरोध दर्ज करने की खबर संभवतया समूह शिक्षा अधिकारी राजकुमार जतकर को मिल गई थी,इसलिए मंगलवार को वह कार्यालय में नहीं दिखाई दिए।राकांपा नेता देशमुख ने मंगलवार को जतकर की कुर्सी पर नोटों की माला डालकर अपना रोष व्यक्त किया।बताते चले कि बदलापुर के एक निजी विद्यालय में सातवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ उसी स्कूल के शिक्षक द्वारा बार-बार छेड़खानी करने की बात सामने आ रही थी। उक्त घटना की पुलिस में शिकायत दर्ज होते ही संबंधित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एनसीपी नेता अविनाश देशमुख ने समूह शिक्षा अधिकारी पर आरोप लगाया है कि समूह शिक्षा अधिकारी जतकर अवैध स्कूल की अनदेखी करते है और उन्हीं की मिलीभगत और उनके भ्रष्ट आचरण से चलने वाले स्कूल में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई है।देशमुख का आरोप है कि बदलापुर में जिस इमारत में यह घटना हुई, उसी इमारत में एक मराठी स्कूल में,राजकुमार जतकर का भाई सह-शिक्षक के रूप में कार्य करता है। अविनाश देशमुख ने राजकुमार जतकर जैसे गैरजिम्मेदार अधिकारी जो वर्षों से अपनी कुर्सी पर चिपके हुए हैं,उसे तत्काल बर्खास्त किए जाने की जोरदार मांग की है।

## गंगा एक्सप्रेसवे के लिए अवैध खनन से ग्रामीणों में रोष

- रायबरेली में लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप, एसडीएम ने दिया जांच का आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, डलमऊ क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए किया जा रहा अवैध मिट्टी खनन गंभीर समस्या बन गया है। भरसना, आफताब नगर और जोहवा गांव के पास ठेकेदार नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पोकलैंड मशीनों से अत्यधिक गहरी खुदाई कर रहे हैं। स्थानीय किसानों का आरोप है कि लेखपाल की मिलीभगत से यह अवैध खनन जारी है।खुदाई से खेतों में बने गहरे गड्ढों में रात के समय किसानों और मवेशियों के गिरने का खतरा मंडरा रहा है।इस मनमानी के खिलाफ सोमवार को ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सुखलाल, रजनू और सुंदर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार निर्धारित सीमा से कहीं अधिक गहराई तक खुदाई कर खेतों को तालाब में बदल रहे हैं। ओवरलोड डंपरों की आवाजाही से एक साल पहले मरम्मत किया गया गांव का रास्ता भी पूरी तरह टूट चुका है, जिससे राहगीरों के घायल होने की घटनाएं आम हो गई हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष है।एसडीएम रजित राम गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम भेजी है और अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन भी किया है।उपजिला अधिकारी द्वारा मामले में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया है।



## बेटी पैदा होने पर पत्नी को घर से निकाला

- पांच लाख रुपए कैश और कार की डिमांड की, पति बोला- बेटी की कोई जरूरत नहीं है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, शर्मनाक मामला सामने आया है। जहां बेटी को जन्म देने वाली पत्नी को उसके पति ने घर से निकाल दिया। चौक कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया की उसकी शादी करीब चार साल पहले तारीन जलाल नगर निवासी तबरेज उर्फ बब्बू से हुई थी। जिसमें उसके पिता ने सात लाख रुपए खर्च किए थे।शादी के एक साल बाद जब महिला ने बेटी को जन्म दिया, तो पति का व्यवहार बदल गया। अस्पताल का सारा खर्च पीड़िता के पिता को वहन करना पड़ा।पति ने साफ कह दिया कि उसे बेटी की कोई जरूरत नहीं है। पत्नी पर अत्याचार करने लगा।6 अक्टूबर को मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया गया।पीड़िता के पिता ने ससुराल पक्ष से बात की, तो पति ने पांच लाख रुपए नगद और एक कार की मांग कर दी।19 जनवरी को पति ने फोन कर धमकी दी कि अगर मांग पूरी नहीं की गई तो वह दूसरी शादी कर लेगा। पीड़िता ने 21 और 30 जनवरी को महिला थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के निर्देश पर अब चौक कोतवाली में पति समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।पीड़िता ने बताया कि वह पति की धमकियों से भयभीत है।न्याय की मांग कर रही है।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से श्रमिक की मौत

### ईंट के नीचे दबा मजदूर, चालक फरार मौके से फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, मीरजापुर के अदलहाट-कैलहट मार्ग पर एक दर्दनाक हादसे में ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक श्रमिक की मौत हो गई।घटना घुरहूपुर गांव के पास हुई, जहां ट्राली अनियंत्रित होकर गेहूं के खेत में पलट गई।मृतक की पहचान जमालपुर थाना क्षेत्र के जमही गांव निवासी 40 वर्षीय रिंकू वियार के रूप में हुई है।वह ट्राली में लदी ईंटों के ऊपर बैठा था। ट्रैक्टर चालक राम मनोहर, जो भुड़कुड़ा गांव का रहने वाला है, बंगला देवरिया स्थित आर्या ईंट भट्ठा से ईंट लेकर अदलहाट की ओर जा रहा था। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।स्थानीय ग्रामीणों ने ईंटों के नीचे दबे श्रमिक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।मृतक के परिवार में पत्नी विन्दा के अलावा दो पुत्र और एक पुत्री हैं।घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस ने मृतक के भाई विन्दु की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

## प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त

### महिला समेत 4 लोग घायल, बेला जंगल में पिकअप से टकराई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मडिहान, छत्तीसगढ़ के रायपुर से माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज संगम स्नान करने आए श्रद्धालुओं की वापसी के दौरान शाम को बेला जंगल में बड़ा हादसा हो गया।

पीछे से आ रही पिकअप ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे श्रद्धालुओं की कार पिकअप से टकरा गई। हादसे में छत्तीसगढ़ के सीतापुर निवासी चंदूलाल (70), अमृतलाल (68), देवी दयाल (42) और गिरजा (41) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी मड़िहान पहुंचाया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.एस. वर्मा के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज जारी है। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस फरार चालक और वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही दोषी को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

## माघ पूर्णिमा: ढाई घाट में उमड़े लाखों श्रद्धालु

### कई किमी लंबा जाम, घंटों फंसे रहे लोग; गंगा स्नान के लिए रात से ही जुटी भीड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कलान, माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ढाई घाट गंगा तट पर लाखों श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। देर रात से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था।

पूर्णिमा तिथि के प्रारंभ होते ही साधु-संतों ने पहले गंगा स्नान किया, जिसके बाद आम श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पवित्र स्नान किया। भारी भीड़ के कारण जरियनपुर और कोलाघाट पुल से लेकर ढाई गांव तक कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जरियनपुर मोड़ और कोलाघाट पुल के दोनों छोर पर विकट स्थिति बन गई, जहां हजारों दोपहिया वाहन, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान महिलाओं और बच्चों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस द्वारा की गई सभी व्यवस्थाएं विफल हो गईं। हालांकि, गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस, गोताखोर, पीएसी की फ्लड यूनिट की मोटर बोट सहित सुरक्षा बल तैनात रहे। फरुर्खाबाद जिले के कायमगंज पुलिस सहित स्थानीय पुलिस बल भी जाम की स्थिति से निपटने में असमर्थ रहा। श्रद्धालुओं को वापसी के समय भी लंबे जाम का सामना करना पड़ा।

## वनकर्मियों पर जानलेवा हमला

### युवक ने पौधरोपण कार्य के लिए गड्ढे खोदने किया विरोध, नहीं मानने पर की फायरिंग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, थाना पुवायां क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला हुआ। पटई गांव के पास पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदने के दौरान एक स्थानीय युवक ने वनकर्मियों पर फायरिंग कर दी। सौभाग्य से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना उस समय हुई जब वन विभाग की टीम पौधरोपण कार्यक्रम के तहत मशीन से गड्ढे खुदाई कर रही थी।एक स्थानीय युवक ने इस कार्य का विरोध किया और विवाद शुरू कर दिया।जब वनकर्मियों ने अपना काम जारी रखा, तो आरोपी युवक अपने ताऊ की लाइसेंसी राइफल लेकर मौके पर आ गया और फायरिंग कर दी।वनकर्मियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। वनकर्मियों ने तत्काल घटना की सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि वनकर्मियों की शिकायत मिलते ही आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों ने घर में घुस कर परिवार पर किया हमला




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

तिलहर, कोतवाली क्षेत्र में एक दलित परिवार के साथ हुई मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। विकरनपुर गांव के रामपाल ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़ित रामपाल ने बताया कि बुधवार को रात में वह अपनी पत्नी रश्मि देवी और दो बेटों अनुज व कपिल के साथ खाना खाकर सोने जा रहे थे।इसी दौरान तहरूफ खां, महरूफ खां, सादाब खां, इकबाल खां और मुर्शिद खां लाठी-डंडे, राइफल और अवैध हथियारों के साथ उनके घर पहुंच गए। आरोपियों ने रामपाल को जातिसूचक गालियां दीं और उन्हें धमकाया। आरोपियों का गुस्सा इस बात को लेकर था कि रामपाल ने गांव के राज बहादुर के साथ हुए एक पुराने झगड़े में मुकदमा दर्ज कराने में मदद की थी। हमलावरों को देख रामपाल के दोनों बेटे छत से कूदकर भाग गए।

आरोपियों ने रामपाल की पत्नी पर जान से मारने की नीयत से हमला किया। गांव वालों के जमा होने और शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।


### भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# नेतन्याहू की चेतावनी- हमास बंधकों को रिहा करे

## नहीं तो सीजफायर खत्म और जंग शुरू होगी; सैनिकों को तैयार रहने का आदेश

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि अगर हमास शनिवार दोपहर तक हमारे बंधकों को रिहा नहीं करता है तो सीजफायर खत्म हो जाएगा।

टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक नेतन्याहू ने अपनी सुरक्षा कैबिनेट के साथ 4 घंटे मीटिंग के बाद यह बयान दिया। हालांकि अभी साफ नहीं है कि नेतन्याहू ने सभी बंधकों की रिहाई बात की है, या शनिवार को रिहा होने वाले सिर्फ 3 बंधकों की। इजराइल के रक्षा मंत्री ने सेना को अलर्ट पर रहने और 'गाजा में किसी भी स्थिति' से निपटने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया।



इजराइली सेना ने गाजा डिवीजन के सैनिकों की सभी छुट्टियां रद्द कर दी हैं, जिससे संकेत मिलता है कि इजराइल फिर से युद्ध शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले हमास ने आरोप लगाया था इजराइली सेना गाजा जाने वाली मदद को बीच में रोक कर सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। ऐसे में वो अगले आदेश तक बंधकों की रिहाई रोक देंगे।

ट्रम्प ने मंगलवार को हमास के धमकी देते हुए कहा था कि अगर शनिवार तक इजराइली से किडनैप किए गए सभी बंधक रिहा नहीं हुए तो गाजा में सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। अगर शनिवार 12 बजे तक सभी बंधकों को नहीं लौटाया जाता है तो मुझे लगता है कि सीजफायर समझौते को रद्द कर देना चाहिए।

इससे पहले उन्होंने गाजा पर कब्जा करके वहां सिटी रिसॉर्ट बनाने की बात कही थी। तब उनका कहना था कि फिलिस्तीनी लोगों को गाजा से विस्थापित करके जॉर्डन और मिस्र में बसाया जाना चाहिए।

ट्रम्प की धमकी पर भी हमास ने जवाब दिया है। हमास ने कहा कि अगर एक साथ सभी बंधकों की रिहाई होती है तो यह सीजफायर डील के खिलाफ होगा। हमास के एक सीनियर लीडर अबू जुहरी ने मंगलवार को कहा कि ट्रम्प को इस डील का सम्मान करना चाहिए। जूहरी ने कहा कि बंधकों की वापसी का यही एकमात्र यही तरीका है।

धमकी का कोई मतलब नहीं है। इससे मामला और मुश्किल हो जाता है। ट्रम्प ने इससे पहले फॉक्स न्यूज से कहा कि अमेरिका के गाजा टेक ओवर के बाद फिलिस्तीनियों को वहां लौटने का हक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वे ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि वहां उनके पास बेहतर घर होंगे। दूसरे शब्दों में कहूं तो मैं उनके लिए एक स्थायी घर बनाने की बात कर रहा हूं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल की बॉर्डर एरिया पर हमला कर 1200 लोगों का कत्ल कर दिया था। जबकि 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था। इन लोगों की रिहाई को लेकर 19 जनवरी को कतर में हमास और इजराइल के बीच सीजफायर डील हुई थी। इस डील में दोनों पक्षों को कैदियों के अदला बदली करनी है। यह डील तीन फेज में पूरी होगी। इसमें 42 दिन तक बंधकों की अदला-बदली की जाएगी। अभी तक पांच बार बंधकों की अदला बदली हो चुकी है।

# ट्रम्प ने एपी न्यूज की राष्ट्रपति ऑफिस में एंट्री रोकी

## दावा- गल्फ ऑफ अमेरिका नाम इस्तेमाल नहीं किया, इसलिए एक्शन लिया

एजेंसी

वॉशिंगटन , अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अमेरिकी न्यूज एजेंसी एसोसिएट प्रेस ( एपी ) को राष्ट्रपति ऑफिस ( ओवल ऑफिस ) में रिपोर्टर भेजने से रोक दिया। न्यूज एजेंसी का दावा है कि उसने गल्फ ऑफ मेक्सिको की जगह गल्फ ऑफ अमेरिका नाम इस्तेमाल नहीं किया था, इस वजह से ऐसा किया गया है। एपी की कार्यकारी संपादक जूली पेस ने कहा- व्हाइट हाउस ने कहा है कि अगर न्यूज एजेंसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी एडिटोरियल पॉलिसी को मैच नहीं किया तो एपी को किसी भी कार्यक्रम के लिए ओवल ऑफिस में एंट्री की इजाजत नहीं दी जाएगी।



अमेरिकी संविधान के पहले 10 संशोधन को बिल ऑफ राइट्स कहते हैं। इसे 1791 को लागू किया गया था। यह संशोधन धर्म, भाषण, और प्रेस की आजादी देता है। प्रेस सत्ता में बैठे लोगों का माउथपीस नहीं फाउंडेशन फॉर इंडिविजुअल राइट्स एंड एक्सप्रेशन के डायरेक्टर आरोन टेर ने ट्रम्प के फैसले को प्रेस की आजादी पर हमला बताया। टेर ने कहा- हमारे प्रेस का रोल सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह ठहराना है, न कि उनका माउथपीस बनना। इस मौलिक आजादी को खत्म करने के लिए सरकार की किसी भी कोशिश की निंदा की जानी चाहिए। व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट एसोसिएशन ( डब्ल्यूएचसीए ) के अध्यक्ष यूजीन डेनियल्स ने कहा- व्हाइट हाउस यह आदेश नहीं दे सकता कि न्यूज एजेंसी समाचार को कैसे पेश करे। उसे पत्रकारों को सिर्फ इसलिए सजा नहीं देना चाहिए, क्योंकि वह (व्हाइट हाउस) ऐडिटोरियल फैसलों से खुश नहीं है। दूसरी तरफ गूगल ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एग्जीक्यूटिव आदेश के मुताबिक अमेरिका के अंदर गूगल मैप्स पर मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी कर दिया। हालांकि, मेक्सिको में मेक्सिको की खाड़ी नाम दिखाई देगा। बाकी देशों में दोनों नाम दिखाई देंगे। इलेक्शन कैंपेन में ट्रम्प ने किया था नाम बदलने का वादा इस सारे विवाद की शुरूआत तब हुई थी जब डोनाल्ड ट्रम्प ने इलेक्शन कैंपेन के दौरान गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलने की बात कही थी। ट्रम्प का कहना था कि वो गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलकर गल्फ ऑफ अमेरिका रखेंगे।

ट्रम्प के मुताबिक यह नाम ज्यादा सुंदर लगता है और यही नाम रखना सही भी है।

# गाजा के 2000 बीमार बच्चों को रखेगा जॉर्डन

## फिलिस्तानियों को देश में बसाने से इनकार किया; ट्रम्प ने मदद रोकने की धमकी दी थी

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका दौरे पर गए जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला ने गाजा के 2000 बीमार बच्चों देश में रखने की बात कही है। मंगलवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बातचीत में उन्होंने इसका ऐलान किया। अब्दुल्ला ने कहा कि इनमें से कई बच्चों कैंसर से पीड़ित हैं या गंभीर हालात में हैं, उन्हें जितनी जल्दी हो सकेगा जॉर्डन ट्रांसफर किया जाएगा। इस फैसले को ट्रम्प ने खुशी जताई। दरअसल ट्रम्प गाजा से फिलिस्तीनियों को विस्थापित कर मिस्र और जॉर्डन में बसाना चाहते हैं। ट्रम्प ने ऐसा न करने पर दोनों देशों को मिलने वाली अमेरिकी मदद को रोकने की धमकी दी थी। हालांकि किंग अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट कर फिलिस्तीनियों को जॉर्डन में बसाने का विरोध करते हुए इनकार किया। डोनाल्ड ट्रम्प पर गाजा से फिलिस्तीनियों को विस्थापित कर उस पर अमेरिका का कब्जा चाहते हैं। ट्रम्प यहां रिसोर्ट सिटी बनाना चाहते हैं। ट्रम्प ने 6 फरवरी को सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में बताया कि, अमेरिका, गाजा में विकास करेगा और यहां शानदार घर बनाएगा। ट्रम्प ने कहा कि फिलिस्तीनियों को गाजा को फिर से बसाने के बजाय, किसी नई जगह पर बसाना बेहतर होगा। ट्रम्प का इस प्लान का इजराइल ने भी समर्थन किया है।



इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज ने सेना को इससे जुड़ा प्लान तैयार करने के आदेश भी दिए। काट्ज के मुताबिक जो फिलिस्तीनी खुद ही गाजा छोड़ना चाहते हैं, इजराइली सेना उनकी मदद करेगी।

इजराइल के पीएम नेतन्याहू पहले ही ट्रम्प के इस प्लान को इतिहास बदलने वाला बता चुके हैं। इजराइल के खिलाफ जंग में शामिल हमास ट्रम्प के प्लान को खारिज कर चुका है। हमास ने अपने बयान में कहा कि हमारे लोगों ने बिना अपनी जमीन छोड़े 15 महीने तक मौत और विनाश को सहन किया। हम किसी भी तरह के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेंगे। गाजा में 15 महीने से इजराइल और हमास के बीच की लड़ाई से 23 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा। जबकि लगभग 60% इमारतें तबाह हो गई हैं। इन्हें फिर से बनाने में कई दशक लग सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक जॉर्डन में 20 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनी शरणार्थी रहते हैं। इनमें से ज्यादातर को जॉर्डन की परमानेंट नागरिकता दे दी गई है। वहीं, 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से हजारों फिलिस्तीनी मिस्र भाग गए हैं, लेकिन उन्हें वहां शरणार्थी के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गाजा से फिलिस्तीनियों को बलपूर्वक विस्थापित करने का विरोध किया था। ब्लिंकन ने फिलिस्तीनियों पर गाजा छोड़ने के लिए दबाव नहीं डालने की बात कही थी।

# सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर मार्च में धरती पर लौटेंगे

## 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे; स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापसी होगी

एजेंसी

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही स्पेस स्टेशन ने वापस लौटेंगे। ठअरअ ने मंगलवार को बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। इससे पहले अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए मार्च अंत या अप्रैल की समय सीमा तय की गई थी। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता विलियम्स पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ करर पर पहुंची थीं। उन्हें एक सप्ताह के बाद लौटना था। दोनों बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के टेस्ट के लिए गए थे, लेकिन इसमें खराबी आने के बाद दोनों करर पर ही रुक गए। इसके बाद से दोनों वहीं फंसे हुए हैं।



इससे पहले नासा ने सुनीता और बुच विल्मोर को फरवरी 2025 में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाने की जानकारी दी थी। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया। इलॉन मस्क अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स को वापस लाएंगे अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्स के सीईओ इलॉन मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा है। दोनों वैज्ञानिक पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। ट्रम्प ने पिछले महीने सोशल मीडिया पर लिखा- मैंने मस्क से उन दो बहादुर अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने को कहा है। इन्हें बाइडेन प्रशासन ने अंतरिक्ष में छोड़ दिया है। वे अंतरिक्ष स्टेशन पर कई महीनों से इंतजार कर रहे हैं। मस्क जल्द ही इस काम में लग जाएंगे। उम्मीद है कि सभी सुरक्षित होंगे। मस्क ने इसके जवाब में कहा कि हम ऐसा ही करेंगे। यह भयानक है कि बाइडेन प्रशासन ने उन्हें इतने लंबे वक्त तक वहां छोड़ रखा है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-चुनाव के वक्त फ्रीबीज का ऐलान गलत

### केंद्र से कहा- ऐसा करके आप परजीवियों की जमात खड़ी कर रहे, लोग काम नहीं करना चाहते



एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव के वक्त की जाने वाली मुफ्त की योजनाओं (फ्रीबीज) पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किए उन्हें पैसे दे रहे हैं।'कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि इन लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बजाय, क्या आप मुफ्त की योजनाएं लागू करके परजीवियों की जमात नहीं खड़ी कर रहे हैं ?जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ड मसीह की बेंच शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आसरा दिए जाने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अब 6 हफ्ते बाद दोबारा इस याचिका पर सुनवाई होगी।हम आपकी परेशानी समझते हैं और सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह अच्छा नहीं होगा कि आप ऐसे लोगों को मुख्यधारा का हिस्सा बनाएं और उन्हें देश के विकास का हिस्सा बनाएं। बेंच ने केंद्र से पूछा कि कितने समय में शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन पूरा होगा। उन्होंने अटॉर्नी जनरल से कहा कि आप केंद्र से इसका जवाब मांगिए और हमें बताइए।

**सुप्रीम कोर्ट ने गरीबी उन्मूलन मिशन की जानकारी मांगी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन और शहरी बेघर लोगों को आश्रय देने की योजनाओं को लेकर विस्तृत जानकारी मांगी है। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को बताया कि सरकार सुनिश्चित करें कि जो आंकड़े दिए गए हैं, वे वास्तविक स्थिति को दशार्ते हैं या नहीं।**

केंद्र का जवाब- अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि केंद्र जल्द इस मिशन को पूरा करेगा, इसमें शहरी बेघरों के लिए घर जैसी व्यवस्था और कई अन्य मसले शामिल हैं।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रोसेस में है, जो शहरी गरीबों और बेघर लोगों की समस्याओं का समाधान करेगा। अदालत ने अटॉर्नी जनरल से यह भी जांचने को कहा है कि इस योजना को लागू करने में कितना समय लगेगा और इसके तहत कौन-कौन से पहलू शामिल होंगे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से यह स्पष्ट करने को कहा है कि जब तक नई योजना लागू नहीं हो जाती, तब तक क्या राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जारी रहेगा।सुप्रीम कोर्ट मुफ्त राशन बांटने पर टिप्पणी कर चुका यह पहली बार नहीं है

# कुछ लोग चोरी छिपे स्नान करके आ गए, दूसरे को बोल रहे हैं मत जाओ : सीएम योगी

## आज प्रदेश में बेटी, व्यापारी हर व्यक्ति सुरक्षित महसूस कर रहा है- सीएम योगी

सीएम योगी ने बागपत में किसान मसीहा चौधरी अजित सिंह जी की प्रतिमा का किया अनावरण .सीएम योगी ने बागपत में 351 करोड़ रुपये की 281 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास .पिछले 8 वर्ष में 2 लाख 72 हजार 600 करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को किया- सीएम योगी .उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को देश की सबसे बेहतरीन कानून व्यवस्था बना रहे हैं- मुख्यमंत्री .



- प्रदेश सरकार बागपत में बनाएगी औद्योगिक कॉरिडोर : सीएम योगी
- हम नए-नए निवेश के माध्यम से विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं : योगी
- सीएम योगी ने कहा- कुछ लोगों को प्रदेश का विकास अच्छा नहीं लग रहा है

एजेंसी

बागपत/लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुदधवार को बागपत के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, छपरौली में किसान मसीहा चौधरी अजित सिंह की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने बागपत जिले में 351 करोड़ रुपये की 281 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बागपत के औद्योगिक विकास के लिए दिल्ली-बागपत-देहरादून एक्सप्रेसवे में बागपत के पास एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया है।

### सीएम योगी ने चौधरी अजित सिंह को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान नेता चौधरी अजित सिंह को श्रदांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज माघ पूर्णिमा है संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी महाराज की पावन जयंती और अपने पूज्य पिता की विरासत के लिए दुनिया के प्रतिष्ठित पैकेज को छोड़कर मातृभूमि की सेवा के लिए अपने आप को समर्पित करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह जी की भी पावन जयंती का कार्यक्रम है, उनकी पावन जयंती के अवसर पर आज हमें यहां पर चौधरी साहब की इस पावन भव्य प्रतिमा के लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ मैं इस अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम योगी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह को भी याद किया। उन्होंने कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के लिए संघर्षशील नेता थे और उनकी नीतियां किसानों के हित में थीं। प्रदेश सरकार किसानों की बेहतरी के लिए चौधरी अजित सिंह के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

# भद्दे कमेंट्स मामले में इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा से की गई पूछताछ

### विवादित एपिसोड का हिस्सा थीं; रणवीर-समय से पूछताछ करने असम पुलिस भी मुंबई पहुंची

एजेंसी

'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में पेरेंट्स पर भद्दे कमेंट्स के मामले में आज सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा से मुंबई पुलिस की पूछताछ जारी है। अपूर्वा अपना बयान दर्ज कराने के लिए खार पुलिस स्टेशन पहुंची हैं।सूत्रों के मुताबिक अपूर्वा कल,11 फरवरी को भी देर शाम अपना बयान दर्ज कराने खार पुलिस स्टेशन पहुंची थीं। लेकिन देर शाम होने के कारण पुलिस ने उन्हें सुबह आने के लिए कहा था। इस मामले में आज असम पुलिस की एक टीम भी जांच के लिए मुंबई आई है। कहा जा रहा है कि दोनों यूट्यूबर्स रणवीर और समय से पूछताछ की जा सकती है। 10 फरवरी को असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने भी इस मामले को लेकर राज्य में की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि गुवाहाटी पुलिस ने कुछ यूट्यूबर्स और सोशल इन्फ्लुएंसर- आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह, अपूर्वा मखीजा, रणवीर अलाहबादिया, समय रैना और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।



# राज्य का दर्जा जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म नहीं करेगा : फारूक अब्दुल्ला

## फारूक अब्दुल्ला बोले- हमें लोगों के समर्थन की जरूरत

एजेंसी

नेशनल कॉन्फ्रेंस ( एनसी ) के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि भले ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाए, फिर भी आतंकवाद खत्म नहीं होगा और इसे लोगों के समर्थन की जरूरत है। फारूक अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य का मुद्दा कई वर्षों से है। उन्होंने कहा कि भले ही राज्य का दर्जा बहाल हो जाए और हमें सब कुछ मिल जाए, लेकिन क्या लोग सोचते हैं कि इससे यहां आतंकवाद खत्म हो जाएगा। जो लोग बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं कि यहां आतंकवाद खत्म हो गया है, उनसे पूछें कि क्या यह अभी भी है या नहीं।अब्दुल्ला ने कहा कि कल ही इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस ( आईईडी ) विस्फोट में दो जवान शहीद हो गये। उन्होंने सवला करते हुए कहा कि वह कहां से आया ? जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हमें लोगों की मदद की जरूरत है। अब समय आ गया है कि हमें शांति स्थापित करनी चाहिए। यहां शांति ही कुछ कर सकती है। हमारे बच्चे बेरोजगार हैं। जब शांति नहीं है तो इन मुद्दों का समाधान कैसे किया जा सकता है ?उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ( आप ) और कांग्रेस के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन से दिल्ली विधानसभा चुनाव में अलग परिणाम आ सकते थे। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक की भावना अभी भी वही है। लेकिन दिल्ली में कुछ गलतियां हुई हैं। अगर आप और कांग्रेस के बीच सही तालमेल होता तो नतीजे कुछ और हो सकते थे. हमें मिलना होगा और इन मुद्दों पर चर्चा करने की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लिए प्रतिबद्ध है। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के लिए यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने सीमा सुरक्षा बल ( बीएसएफ ) को कड़ी निगरानी, सीमा ग्रिड को मजबूत करने और निगरानी तथा सरहद की हिफाजत के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ पूरी तरह से रोकने का निर्देश दिया।



बृहन्मुंबई महानगरपालिका
(घनकचरा प्रबंधन, के/पूर्व)
एई/एसडब्ल्यूएम/12544/केई, दि. 12.2.2025
लघु निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सहायक आयुक्त के/पूर्व वार्ड |
| उप-विभाग | सहायक अभियंता (घनकचरा प्रबंधन) के/पूर्व वार्ड |
| निविदा दस्तावेज क्र. | ई-निविदा क्र. : 2025_एमसीजीएम_1148855_1 |
| विषय | एच. बालासाहेब ठाकरे मनपा मार्केट, जोगेश्वरी (पू) में स्थित प्रस्तावित के/उत्तर वार्ड की 4थी मंजिल पर सम्बद्ध कार्य प्रदान करना. |
| निविदा जारी करने तथा बिक्री की तिथि | 12.02.2025 को 11.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.02.2025 को 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| पत्राचार हेतु पता | सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) के/पूर्व का कार्यालय, कमरा नं. 10, तल मंजिल, के/पूर्व वार्ड कार्यालय, आजाद रोड, गुंडवली, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400 069 |
| संपर्क व्यक्ति | श्री जितेंद्र पाटिल, सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) के/पूर्व, |
| | श्री व्यंकटेश आवले, उप अभियंता (एसडब्ल्यूएम) के/पूर्व |
| ई-मेल आईडी | ae01swm.ke@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) के/पूर्व वार्ड
पीआरओ/2525/विज्ञा./2024-25
अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.





## विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

# स्वामी चिदानंद के शिविर पहुंचे 35 देशों के श्रद्धालु

## महाकुंभ में भजन-कीर्तन और यज्ञ किया, संगम में एक साथ डुबकी लगाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महाकुंभ में माघ पूर्णिमा पर विश्व के लगभग 30 से 35 देशों से आए श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान, ध्यान और यज्ञ किया। परमार्थ निकेतन शिविर में भजनझकीर्तन और पूजाझपाठ किया। स्वामी चिदानंद सरस्वती और डॉ. साध्वी भगवती सरस्वती के मार्गदर्शन में परमार्थ गुरुकुल के ऋषिकुमारों और श्रद्धालुओं ने भजन, कीर्तन और मंत्रोपचार के साथ संगम में स्नान किया। स्वामी चिदानंद ने कहाझ माघ पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और शास्त्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन



देवता, पितर और ब्रह्मांड की शक्तियां पृथ्वी पर विचरण करती हैं, और यही कारण है कि इस दिन प्रभु आराधना, स्नान, ध्यान, दान और पितरों के तर्पण का विशेष महत्व है। जल चेतना जन चेतना बने और जल क्रांति जन क्रांति बने उन्होंने कहा कि नदियां न केवल हमारे जीवन का आधार हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की भी प्रतीक हैं। जल का संरक्षण जीवन का संरक्षण है। उन्होंने कहा कि जल चेतना जन चेतना बने और जल क्रांति जन क्रांति बने, ताकि हम आने वाले जल संकटों का समाधान कर सकें और जल के महत्व को समझ सकें। नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिए नदियों में स्नान लाभदायक स्वामी चिदानंद ने कहाझ माघ पूर्णिमा स्नान केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। इस समय में ठंड खत्म होने की ओर रहती है और शिशिर ऋतु की शुरूआत होती है। ऋतु परिवर्तन के साथ शरीर में उत्पन्न होने वाले नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिए नदियों में स्नान करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

# स्नान के लिए 15-20 किमी पैदल चलना पड़ रहा

## महाकुंभ प्रशासन का प्लान संगम पर भीड़ न जुटे; श्रद्धालु बोले-पुलिस गोल-गोल घुमा रही

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, संगम पर माघ पूर्णिमा का स्नान चल रहा है। प्रयागराज से संगम की तरफ आने वाले सभी रास्तों पर श्रद्धालुओं की भीड़ है। शहर और मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन बना दिया गया है। श्रद्धालुओं को 10 से 15 किलोमीटर पैदल चलकर मेला पहुंचना पड़ रहा है। मेले में 5 से 7 किमी घूमकर संगम पहुंच रहे हैं। मौनी अमावस्या के हादसे से सबक लेते हुए पुलिस और मेला प्रशासन ने इस बार सख्त क्राउड मैनेजमेंट किया है। संगम आने वाले श्रद्धालुओं को पहले दारागंज की तरफ भेजा जा रहा है, फिर वहां से घुमाते हुए संगम तट पर ले जाया जा रहा है। पहले से 10 से 15 किलोमीटर चलकर आए श्रद्धालुओं



को 5 से 7 किलोमीटर और चलना पड़ रहा है। सबसे पहले श्रद्धालुओं की बात मुंबई से आए श्रद्धालु धनंजय झा ने बताया- हम लोग 10 किमी चल चुके हैं, लेकिन अभी तक नहीं पता कि और कितना चलना पड़ेगा। सबको गोल-गोल घुमा रहा है। हमारी बस नैनी में है। हमें वहीं जाना था, लेकिन प्रशासन कभी इधर भेजता है, कभी उधर। हम 50 लोग आए हैं। पुलिसकर्मी कहते हैं- इधर जाओ उधर जाओ, कुछ सही नहीं बता रहे एक महिला श्रद्धालु ने कहा- पब्लिक चल-चल कर परेशान हो चुकी है।

एक पुलिसकर्मी कहता है इधर जाओ, दूसरा कहता है उधर जाओ। हम लोग कहां जाएं? हमें 15 से 20 किमी पैदल चलना पड़ रहा है।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार वाहन ने मजदूर को कुचला

#### हाईवे पार करते समय हादसा, सीसीटीवी से वाहन की तलाश कर रही पुलिस

रोहित कुमार प्रजापति, अमरोहा, उत्तर प्रदेश के अमरोहा में डिडौली थाना क्षेत्र के लैंडमार्क कॉलेज के सामने हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरथल थाना बिलारी क्षेत्र के निवासी धर्मपाल सिंह के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब धर्मपाल सिंह हाईवे पार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मदद का दिया भरोसा डिडौली थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पुलिस टीम घटना में शामिल वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक के परिवार में पत्नी और बच्चे हैं। प्रशासन ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### ट्रेन में बिगड़ी बुजुर्ग की तबीयत, मौत

#### दवा लेने पैसेंजर ट्रेन से जा रहे थे, अमरोहा के स्टेशन पर उतारा गया

अमरोहा, नजीबाबाद के सेवाराम गांव के 65 वर्षीय अमीर उल्ला खान की बुधवार को दवा लेने जाते समय दर्दनाक मौत हो गई। वह नजीबाबाद से चांदपुर की यात्रा पैसेंजर ट्रेन से कर रहे थे, जब रास्ते में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अमरोहा के गजरौला रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। जीआरपी चौकी इंचार्ज राजीव कुमार और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग को गजरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर परिवार पर हमला

#### हसनपुर में 4 घायल, 6 से अधिक लोगों ने घर पर किया पथराव

हसनपुर, कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मंगलवार रात की घटना में पीड़िता के विरोध करने पर दबंगों ने उसके परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घटना हथियाखेड़ा गांव की है, जहां एक युवक की भतीजी रात में अपने कुत्ते को टहला रही थी।

इस दौरान गांव का एक युवक बुरी नियत से उसे दबोच कर छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह बचकर घर पहुंची पीड़िता ने परिवार को घटना की जानकारी दी। जब परिजनों ने आरोपी से इस बारे में शिकायत की, तो उसने आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ पीड़िता के घर पर धावा बोल दिया।

# मेधावी छात्रों को मिला साइकिल का तोहफा

- अमेठी में कॉलेज के वार्षिकोत्सव पर राज्यमंत्री के बेटे ने किया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, तिलोई स्थित राजरानी इंटरमीडिएट कॉलेज में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के पुत्र मृगांकेश्वर शरण सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के मेधावी छात्रों को विशेष सम्मान दिया गया। हाई स्कूल की छात्रा प्रतिष्ठा रावत और इंटर के छात्र अर्पित वर्मा, जिन्होंने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए, उन्हें तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह (मुन्ना सिंह) और मृगांकेश्वर शरण सिंह ने साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। विद्यालय के प्रबंधक और बीएमएस फामेर्सी कॉलेज तिलोई के अध्यक्ष रामसुख ने बताया कि आगामी परीक्षाओं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को साइकिल दी जाएगी। समारोह में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर रमेश सिंह, अखंड प्रताप सिंह, सिंहपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी, अमेठी जिले के प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, शिक्षक नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# गोमती मित्रों ने की श्रद्धालुओं की सेवा

## माघी पूर्णिमा पर 4 हजार लोगों ने लगाई डुबकी, लोगों को तट तक पहुंचाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, पौराणिक धाम में माघी पूर्णिमा के अवसर पर गोमती मित्रों की सेवा भावना ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया।

प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के नेतृत्व में गोमती मित्र अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर हो गए। आदि गंगा मां गोमती के तट पर लगभग 3 से 4 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। गोमती मित्रों ने बुजुर्गों और बच्चों को तट तक पहुंचाने से लेकर, स्नान के दौरान उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा। महिला श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र परिवर्तन की उचित व्यवस्था की गई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं को सीता उपवन का भ्रमण भी कराया गया। इन लोगों की रही मौजूदगी इस आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश



महेश्वरी, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मुन्ना पाठक, मुन्ना सोनी, दिनकर सिंह, अजय प्रताप सिंह, आलोक तिवारी, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, सेनजीत कसौधन दाऊ, राजा भैया, विकास शर्मा, अर्जुन यादव और अभय मिश्रा सहित अन्य गोमती मित्र मौजूद रहे।

उनकी निस्वार्थ सेवा ने श्रद्धालुओं के मन में विश्वास जगाया कि धाम में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को रोकने पर बवाल

- जगदीशपुर में यात्रियों ने किया हंगामा, पुलिस ने वैकल्पिक रास्ते से भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, प्रयागराज में संगम स्नान के बाद अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को जगदीशपुर सीमा पर रोके जाने से तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। कर्नाटक और जालौन से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु हलियापुर मार्ग से अयोध्या जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने भारी भीड़ के कारण उन्हें रोक दिया। नाराज श्रद्धालुओं ने जगदीशपुर कोतवाली के बाहर जमकर हंगामा किया। उनका आरोप था कि उन्हें लंबे समय से रोका गया है और अयोध्या जाने से मना किया जा रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना था कि यह कार्रवाई यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए की जा रही है। थाना प्रभारी ने संभाली स्थिति थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। उन्होंने बताया कि हलियापुर मार्ग पर अत्यधिक भीड़ को देखते हुए यात्रियों को हैदरगढ़ होकर अयोध्या जाने का वैकल्पिक मार्ग सुझाया गया है। यह व्यवस्था दोनों मार्गों पर यातायात का समान वितरण सुनिश्चित करने और जाम की स्थिति से बचने के लिए की गई है। समझाने पर आगे रवाना हुए पुलिस के समझाने के बाद श्रद्धालु हैदरगढ़ मार्ग से अयोध्या के लिए रवाना हो गए।



# तेज रफ्तार पिकअप ने ली युवक की जान

## 35 साल के ई-रिक्शा चालक की मौके पर मौत, 5 सवारी घायल; आरोपी फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बार फिर तेज रफ्तार वाहन ने एक व्यक्ति की जान ले ली। सुल्तान थाना क्षेत्र के अयोध्या-जगदीशपुर रोड पर अलीनगर गांव के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। जबकि पांच सवारियों को मामूली चोटें आईं। मृतक की पहचान रानीगंज निवासी 35 वर्षीय महताब के रूप में हुई है।

दुर्घटना के समय वह सवारियों को लेकर जा रहा था। पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे महताब गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाले



सुल्तान थानाध्यक्ष तनुज पाल के अनुसार, हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घायल सवारियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

# अयोध्या मार्ग पर श्रद्धालुओं का हंगामा

## भूखे-प्यासे फंसे लोग, वीआईपी को प्राथमिकता, आम श्रद्धालुओं को रोका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं और पुलिस प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति बन गई है। सुल्तानपुर के टाटियानगर में बुधवार को श्रद्धालुओं ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं का आरोप है कि पुलिस श्कढ वाहनों को बिना रोके जाने दे रही है, जबकि आम श्रद्धालुओं को परेशान किया जा रहा है। जबलपुर से आई राजकुमारी मित्तल ने बताया कि वे सुबह 5 बजे से वहां फंसी हुई हैं और पुलिस ने उन्हें पांच बार अलग-अलग रास्तों पर भटकाया। राजस्थान से आए जितेंद्र गुप्ता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को न तो भोजन-पानी की व्यवस्था



मिल रही है और न ही चाय-दूध जैसी बुनियादी सुविधाएं। रायबरेली-अयोध्या हाइवे पर हलियापुर के जरईकला में भी इसी तरह की स्थिति देखी गई, जहां टोल कर्मियों ने श्कढ गाड़ियां तो पास करा दीं, लेकिन श्रद्धालुओं की बसें और अन्य वाहन रोक दिए। अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर कूरेभार में एक दिन पहले भी श्रद्धालुओं के साथ पुलिस की तीखी नोकझोंक हुई थी, जहां स्थानीय एसओ और उनकी टीम पर श्रद्धालुओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का आरोप लगा था। प्रशासन की ओर से दावा किया जा रहा था कि सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि पुलिस केवल डंडा बरसाने के लिए तैनात की गई है, जबकि उनकी बुनियादी जरूरतों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# संत रविदास की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारंभ, भक्तों ने किया हवन-पूजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हसनपुर, संत शिरोमणि रविदास की 654वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी और नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा मोहल्ला खेवन से प्रारंभ होकर पूठ रोड, रहरा अड्डा, बाजार और अंबेडकर पार्क होते हुए पुनः मोहल्ला खैवान में समाप्त हुई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने संत रविदास जी के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन से भाईचारे की सीख मिलती है। उन्होंने संत रविदास जी के प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा छुआछूत मिटाने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। शोभायात्रा के दौरान भक्तों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।

# ग्रामीणों ने फाइलेरिया की दवा लेने से किया मना

## सीएमओ के समझाने के बाद दवा ली, जागरुक भी किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान एक गांव में ग्रामीणों द्वारा दवा लेने से इनकार करने की घटना सामने आई। जामो ब्लॉक के डिहवा गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम जब फाइलेरिया रोधी दवाएं लेकर पहुंची, तो ग्रामीणों ने दवा लेने से मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तुरंत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अंशुमान सिंह को सूचित किया। सूचना मिलते ही सीएमओ स्वयं गांव पहुंचे। ग्रामीणों को फाइलेरिया की रोकथाम के महत्व के बारे में समझाया।

# बंद मकान में हुई एक लाख की चोरी

- चोरों ने गैस सिलेंडर, सोलर पैनल और इन्वर्टर बैटरी समेत कई सामान किए पार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, थाना देहात क्षेत्र में स्थित पुष्कर नगर में चोरों ने एक बंद मकान से बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक इंद्रेश कुमार शर्मा के घर से चोर करीब एक लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मकान पिछले 15 दिनों से बंद था।

जब मकान मालिक वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से गैस सिलेंडर, सोलर पैनल, इन्वर्टर बैटरी सहित कई कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासी अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।